दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 305 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 30 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# सीएम भजनलाल शर्मा ने सात समंदर पार बैठे प्रवासी राजस्थानियों का जीत लिया भरोसा, निवेश के लिए हैं आतुर

## अमेरिका, इंग्लैंड जैसे देशों में रह रहे प्रवासी राजस्थानी ही नहीं बल्कि दक्षिणी अफ्रीका में रह रहे राजस्थानी भी निवेश के लिए है आतुर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अगले महीने 10 दिसंबर को प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से आयोजित किया जा रहे प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह को लेकर अमेरिका इंग्लैंड जैसे विकसित देशों में विराजमान प्रवासी राजस्थानी ही उत्सुक नहीं है बल्कि दक्षिण अफ्रीका में रह रहे प्रवासी राजस्थानी भी राजस्थान में निवेश के लिए काफी आतुर दिख रहे हैं । प्रवासी राजस्थान दिवस कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों को दुनिया के कई मुल्कों में रह रहे प्रवासी राजस्थानियों ने प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया इत्यादि संचार माध्यमों के जरिए तो निवेश की इच्छा प्रकट कर ही रहे हैं इसके अलावा राजस्थान सरकार को भी निवेश करने की इच्छा प्रकट कर रहे हैं इसलिए कहा जा रहा है कि इस बार प्रवासी राजस्थान दिवस का यह कार्यक्रम प्रदेश के




विकास को एक नई गति देगा जिसमें आने वाले सालों में राजस्थान में क्रांतिकारी विकास की चमक देखने को मिल सकती है क्योंकि इस बार दुनिया भर के प्रवासी राजस्थानी प्रदेश में निवेश के लिए आतुर दिख रहे हैं । जानकार लोगों का कहना है कि प्रवासी राजस्थान दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए इस बार भजनलाल सरकार ने बहुत ही शानदार तरीके से कार्य योजना तैयार की इस कार्य योजना के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर सरकार के कई मंत्रियों और अधिकारियों ने अलग-अलग देश का भ्रमण करके वहां रह रहे प्रवासी राजस्थानियों से बाकायदा मुलाकात की और मुलाकात के दौरान उन्हें यह गंभीरता से समझाया गया कि राजस्थान सरकार ने निवेशकों की हर छोटी बड़ी समस्या का समाधान करने के लिए पूरी तैयारी की हुई है और राजस्थान सरकार किसी भी तरह से परेशान नहीं होने देगी उन्हें सभी तरह की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी तथा कागजी प्रक्रिया में भी उन्हें कहीं भी किसी भी तरह की कोई अड़चन नहीं आएगी इसके लिए प्रवासी राजस्थानियों को सरकार की ओर से उद्योगों के संबंध में तैयार की गई नई उद्योग नीति और अन्य नीतिगत फैसलों के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें यह भी बताया गया कि पूरे देश में राजस्थान के अर्थव्यवस्था इस समय तेजी से आगे बढ़ रही है व राजस्थान में निवेश करने से उन्हें जितना फायदा होगा उतना फायदा उन्हें भारत में किसी अन्य स्टेट में निवेश करने से नहीं होगा इस तरह से सरकार से जुड़े लोगों ने देश और विदेश में रह रहे राजस्थानियों को पूरी तरह से यह भरोसा दिलाया कि उनका पैसा राजस्थान में राजस्थान के विकास के लिए तो वरदान साबित होगा ही इसके अलावा उनके कारोबार के विस्तार में भी बड़ी भूमिका निभाएगा बताया गया है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद प्रवासी राजस्थान दिवस के कार्यक्रम से जुड़ी हर छोटी-बड़ी व्यवस्थाओं के बारे में नियमित रूप से अपडेट लेते रहते हैं बाकायदा मुख्यमंत्री शर्मा ने हैदराबाद सूरत और देश के अन्य बड़े शहरों में खुद जाकर प्रवासी राजस्थानियों से मुलाकात की और उन्हें राजस्थान सरकार की ओर से निवेशकों के लिए जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी बताया कि राजस्थान में पर्यटन ही नहीं बल्कि सभी क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाएं हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने हमेशा देश और विदेश के उद्योगपतियों को यह भी बताने का प्रयास किया कि राजस्थान में अलग-अलग किस्म के 85 खनन है जिनका दोहन करके बिजनेस को आगे बढ़ाया जा सकता है मुख्यमंत्री शर्मा ने पानी, बिजली ,सड़क, चिकित्सा, परिवहन सुरक्षा, श्रम शक्ति इत्यादि सभी के बारे में निवेशकों को भरोसा दिलाया है कि उन्हें किसी भी तरह से किसी भी संसाधन और वस्तु की कमी नहीं आने दी जाएगी इस तरह से सरकार की ओर से इस बार देश और विदेश के निवेशकों को प्रेरित करने के लिए और उनका भरोसा जीतने के लिए जो मजबूत तैयारी की है और जिस तरह से निवेशकों के लिए कई तरह की नई व्यवस्था की है उन्हें देखकरदुनिया भर के निवेशक राजस्थान में निवेश के लिए प्रेरित भी नजर आ रहे हैं (इसी क्रम में भारत और दुनिया के कई देशों में रह रहे प्रवासी राजस्थानी भी राजस्थान में निवेश के लिए काफी आतुर दिख रहे हैं और आगामी 10 दिसंबर का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं उल्लेखनीय है कि भजनलाल सरकार ने राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के जो समझौते किए थे उन समझौते के क्रियान्वयन के लिए भी सरकार तेजी से कार्य कर रही है और अब तक 750000 करोड़ के समझौते धरातल पर भी आगे हैं इसलिए राइजिंग राजस्थान के समझौते जिस तरह से तेजी से धरातल पर आ रहे हैं और राजस्थान सरकार निवेशकों को तुरंत जमीन उपलब्ध करवा रही है उसे देखकर प्रवासी राजस्थानी भी राजस्थान में निवेश के लिए काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं ।

# निर्धन, कमजोर और घुमंतू जाति के विकास को लेकर दृढ़ संकल्प डबल इंजन की सरकार: दिया कुमारी

## *हवा महल विधानसभा क्षेत्र के जयसिंहपुरा खोर के चेतना बस्ती में घुमंतू जाति न्यास की ओर से आयोजित रोजगार मेले में शामिल हुई उपमुख्यमंत्री संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम और राजस्थान एसोसिएशन नॉर्थ अमेरिका के अध्यक्ष प्रेम भंडारी और विधायक बालमुकुंद आचार्य भी रहे मौजूद*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को जयपुर के जयसिंहपुरा खोर के चेतना बस्ती में जाति न्यास की ओर से आयोजित रोजगार मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई इस मेले में दिया कुमारी ने प्रदेश की भजनलाल सरकार के अब तक के विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा मेले में मौजूद युवाओं महिलाओं को रोजगार के संसाधन भी वितरित किए इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम राजस्थान एसोसिएशन नॉर्थ अमेरिका के अध्यक्ष प्रेम भंडारी और क्षेत्रीय विधायक बालमुकुंद आचार्य भी विशेष रूप से मौजूद रहे इस मौके पर बड़ी संख्या में घुमंतू जाति के पुरुष और महिलाएं भी मौजूद रही द्य समारोह पूर्वक आयोजित इस रोजगार मेले के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिया कुमारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश के भजनलाल सरकार गरीब निर्धन दलित और कमजोर वर्ग के लोगों के कल्याण और विकास के लिए दृढ़ संकल्प है उन्होंने कहा कि गरीब लोगों के कल्याण और विकास के लिए



सरकार ने कई बड़ी योजनाएं शुरू की है जिसका फायदा उठाकर देश के बड़ी संख्या में गरीब परिवार आर्थिक स्थिति सुधार कर गरीब परिवार की रेखा से ऊपर उठ चुके हैंउन्होंने कहा कि प्रदेश में भजनलाल सरकार गरीबों को गणेश मानकर सेवा भाव से कार्य कर रही है और पिछले 23 महीना में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यापक तौर पर रोजगार युवाओं को उपलब्ध करवाया गया है और हर साल एक लाख लोगों को रोजगार दिया जाना सरकार की ओर से सुनिश्चित किया गया है इसी क्रम में सरकार ने अब तक के कार्यकाल में कई भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया जिनके माध्यम से युवाओं को सरकारी नौकरी मिल रही है उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में सरकारी भर्ती परीक्षाओं में व्यापक तौर पर पेपर लीक के मामलों का खुलासा हुआ जिसकी वजह से प्रदेश में बेरोजगारी तेजी से भरी लेकिन प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अपने कार्यकाल में हर साल एक लोगों को रोजगार देने का वादा किया इस वादे को पूरा भी किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इसी तरह से पानी बिजली सौर ऊर्जा सड़क चिकित्सा शिक्षा महिला सुरक्षा रोजगार कृषि उद्योग हर क्षेत्र में सरकार ने बड़े-बड़े कार्य किए हैं और बड़े-बड़े फैसले लिए हैं उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में अपराध चरम सीमा पर थे लेकिन प्रदेश में अपराधों पर भी अंकुश लगा है और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है उन्होंने कहा कि प्रदेश में राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के समझौते किए गए जिसमें 750000 करोड़ के समझौते धरातल पर आ गए हैं और सरकार हर समझौते को धरातल पर लाने का प्रयास कर रही है ताकि प्रदेश में उद्योगों का अच्छा माहौल बने जिसकी वजह से प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी इसलिए सरकार प्रदेश में औद्योगिक माहौल तैयार करने के लिए दिसंबर माह में प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह का भी आयोजन कर रही है जिसके माध्यम से देश और विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित हो चुके राजस्थान के लोगों से यहां निवेश के लिए प्रेरित किया जा रहा है दिया कुमारी ने मौके पर मौजूद महिलाओं से कहा कि सरकार ने महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उन्हें स्वावलंबन बनाने के लिए कई बड़े कार्यक्रम शुरू किए हैं जिसके माध्यम से महिलाएं छोटे-छोटे उद्योग स्थापित करके और छोटे-छोटे कारोबार स्थापित करके खुद को आत्मनिर्भर बना रही है उन्होंने कहा कि राजस्थान एक नए बदलाव की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है इस मौके पर दिया कुमारी ने कार्यक्रम में मौजूद घुमंतू जाति कीमहिलाओं को मनिहारी के कारोबार और महिलाओं से जुड़े अन्य छोटे-छोटे व्यवसाय से संबंधित संसाधन वितरित किए इसके अलावा पुरुषों को फल फ्रूट के ठेले और छोटे-मोटे कारोबार के लिए आवश्यक संसाधन वितरित किए

# ऑपरेशन सिंदूर नागरिक और सैन्य तंत्र के बेहतरीन तालमेल का शानदार उदाहरण- रक्षा मंत्री

नई दिल्ली।

(एजेंसी)रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर नागरिक और सैन्य तंत्र के बेहतरीन तालमेल का शानदार उदाहरण है। उनके मुताबिक, इस ऑपरेशन में प्रशासन और सेना ने मिलकर अहम जानकारी लोगों तक पहुंचाई और उनमें भरोसा पैदा किया। राजनाथ सिंह उत्तराखंड के मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 100वें सामान्य आधारभूत पाठ्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने युवा लोक सेवकों से कहा कि वे देश के हितों की रक्षा में अपनी अहम जिम्मेदारी समझें और कठिन परिस्थितियों में भी सैनिकों की तरह हमेशा तैयार रहें। उन्होंने दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर में प्रशासनिक मशीनरी और सेना ने बिना किसी बाधा के काम किया और जनता तक जरूरी जानकारी पहुंचाई, जिससे लोगों में भरोसा बढ़ा। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को 'संतुलित और स्थिति न बढ़ाने वाले तरीके' से नष्ट किया। लेकिन पड़ोसी देश के व्यवहार ने सीमा पर हालात को सामान्य होने नहीं दिया। रक्षा मंत्री ने सैनिकों की बहादुरी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों ने भी जरूरी सूचनाएं साझा करके और देशभर में मॉक ड्रिल करवाकर बहुत अहम भूमिका निभाई। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के लिए शासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच तालमेल और बढ़ाना



जरूरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' और 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र का जिक्र किया और कहा कि भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में लोक सेवकों की भूमिका बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब (भाजपा के नेतृत्व वाली) सरकार बनी थी, तब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। पिछले 9-10 वर्षों में भारत चौथे नंबर पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि मॉर्गन स्टेनली जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्था भी कह रही है कि भारत अगले दो-तीन साल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि लोकजनता के सेवक हैं, शासक नहीं। उनका व्यवहार ईमानदारी और निष्पक्षता से भरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसेवकों के काम में ऐसी संस्कृति दिखनी चाहिए, जहां ईमानदारी कोई विशेष नहीं, बल्कि रोजमर्रा का सामान्य हिस्सा हो। उन्होंने कहा कि यह तकनीक का दौर है और नए अधिकारी जनता की समस्याओं का हल तलाशने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करें। तकनीक से लोगों तक पहुंच बढ़ेगी, पारदर्शिता आएगी।

# चक्रवात दित्वाह से तबाही: दक्षिण भारत में बारिश और तूफान का कहर, उड़ानें रद्द; श्रीलंका में भी हाई अलर्ट

नई दिल्ली

(एजेंसी)चक्रवात दित्वाह तेजी से दक्षिण भारत की ओर बढ़ रहा है और इसके असर से तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी है। एयर इंडिया ने ट्वीट कर कहा है कि चेन्नई और दक्षिण भारत के कुछ अन्य शहरों के लिए उड़ानों पर असर पड़ सकता है। यात्रियों को एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी फ्लाइट स्टेटस जांचने की सलाह दी गई है। पुड्डुचेरी में प्रशासन ने लोगों से घर में रहने की अपील की है। जबकि स्कूल-कॉलेज अगले आदेश तक बंद कर दिए गए हैं। वहीं मछुआरों को समुद्र में न जाने का आदेश दिया गया है। चक्रवात के चलते 60 सदस्यीय बचाव दल मौके पर तैनात किया गया है। राज्य में सुबह से ही आसमान बादलों से ढका है । इधर, तमिलनाडु के रमनाथपुरम और नागपट्टिनम में बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन प्रभावित किया। इस वजह से चेन्नई एयरपोर्ट पर 54 उड़ानें रद्द की गई है। वहीं रेलवे ने भी कई ट्रेनों का रूट और समय बदला है। किसानों ने बताया कि एक लाख एकड़ फसल पानी में डूबी है। वहीं सरकार ने 6000 राहत शिविर तैयार किए गए हैं और लोगों से सुरक्षित रहने की अपील की है। आंध्र प्रदेश में 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक भारी बारिश और 70 किमी प्रति घंटे की तक की हवाओं का अलर्ट जारी है। मछुआरों को समुद्र में जाने की सख्त मनाही है। इस तूफान का नाम यमन ने सुझाया था।

# समुद्र में भारत की बढ़ी ताकत: नौसेना को मिली ब्रह्मोस से लैस स्टेल्थ फ्रिगेट 'तारागिरि'

नई दिल्ली

(एजेंसी)मझगांव डॉक शिपबिल्डिंग लिमिटेड (एमडीएल) ने प्रोजेक्ट 17-ए के तहत तैयार की गई स्टील्थ फ्रिगेट (युद्धपोत) 'तारागिरि' को भारतीय नौसेना को सौंप दिया। यह निलगिरि-क्लास की चौथी और एमडीएल में बनी तीसरी फ्रिगेट है। इसे 28 नवंबर को मुंबई में सौंपा गया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, प्रोजेक्ट 17-ए फ्रिगेट्स बहुउद्देश्यीय युद्धपोत हैं, जिन्हें मौजूदा और भविष्य की समुद्री चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। 'तारागिरि' उसी नाम के पुराने युद्धपोत का आधुनिक रूप है, जिसने 1980 से 2013 तक नौसेना में 33 वर्षों तक सेवा दी थी। नई 'तारागिरि' उन्नत स्टेल्थ तकनीक, बेहतर मारक क्षमता, अत्याधुनिक ऑटोमेशन और मजबूत सर्वाइवेबिलिटी से लैस है। मंत्रालय ने इसे युद्धपोत निर्माण में आत्मनिर्भर भारत की बड़ी उपलब्धि बताया है। इस युद्धपोत वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है और वॉरशिप ओवरसीइंग टीम (मुंबई) की देखरेख में तय समय के भीतर बनाया गया। प्रोजेक्ट 17-ए के जहाजों में पिछली पी-17 (शिवालिक) क्लास की तुलना में अधिक आधुनिक हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए गए हैं। फ्रिगेट में ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल, एमएफस्टार रडार, एमआरएसएएम एयर डिफेंस सिस्टम, 76 मिमी गन, 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन वेपन सिस्टम के साथ पनडुब्बी रोधी रॉकेट व टॉरपीडो भी शामिल हैं। पिछले 11 महीनों में नौसेना को यह प्रोजेक्ट 17-ए का चौथा जहाज मिला है। पहले दो जहाजों के अनुभव के कारण 'तारागिरी' का निर्माण समय घटाकर 81 महीने कर दिया गया, जबकि शुरुआती जहाज 'निलगिरि' में 93 महीने लगे थे।

# राजस्थान में रेल विकास को लेकर अभूतपूर्व काम हो रहे हैं: अश्वनी वैष्णव

## वैष्णव और शेखावत ने जैसलमेर दिल्ली नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया,रेल मंत्री ने नई रेल सेवा को स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस के नाम से संचालित करने की घोषणा की








जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर जैसलमेर नई दिल्ली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इस अवसर पर रेल मंत्री ने जनभावनाओं के अनुरूप इस रेल सेवा का नामकरण स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस करने की घोषणा की। समारोह में वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारतीय रेल उतरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और कहा कि रेलवे नित प्रतिदिन नए आयाम स्थापित कर रही है। प्रधानमंत्रीके मार्गदर्शन में हम भारतीय रेलवे की विकास यात्रा को नई ऊँचाईयों की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। रेल मंत्री ने कहा कि राजस्थान में रेल विकास को लेकर अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं जिसमे लगभग 55000 करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर है। सीमावर्ती क्षेत्र में रेल नेटवर्क का विस्तार करने के क्रम में अनूपगढ़ से खाजूवाला, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर होकर भाभर तक नई लाइन के कार्य हेतु प्रस्ताव विभिन्न चरणों में प्रगति पर है। इन लाइनों के निर्माण से आमजन को सुविधा होने के साथ-साथ सेना के रणनीतिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी की ओर से रेलवे को पर्याप्त बजट का आवंटन किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप रेल विकास को गति प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि 2014 से पूर्व राजस्थान में प्रति वर्ष औसतन मात्र 680 करोड़ रुपए बजट आवंटित होता था जो बढ़कर लगभग 10 हज़ार करोड़ रुपए हो गया है। पोकरण स्टेशन पर रेल सुविधाओं के बारे में बताते हुए कहा कि रामदेवरा-पोकरण वाया भैरव गुफा कैलाश टेकरी नई रेल लाइन का कार्य पूरा होने पर सभी गाड़ियों का ठहराव इस स्टेशन पर किया जाएगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को इस लाइन का कार्य युद्ध स्तर पर करने के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए। रेल मंत्री ने जन भावनाओं के अनुरूप जैसलमेर-दिल्ली (शकूर बस्ती) एक्सप्रेस का नाम स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस करने एवं जैसलमेर स्टेशन पर द्वितीय प्रवेश द्वार बनाने की भी घोषणा की। वैष्णव ने कोचीन डिपो के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ताकि जैसलमेर से अधिक ट्रेनों का संचालन किया जा सके। उन्होंने जैसलमेर स्टेशन के रीडेवलपमेंट के बारे में बताते हुए कहा कि 140 करोड़ रुपये की लागत से इसका स्टेशन का कायाकल्प किया गया है तथा जल्द ही इसके शुभारंभ के लिए प्रधानमंत्री से आग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में लगभग 4000 करोड़ रुपये की लागत के साथ 85 स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के मज़बूत होने के कारण 6 जोड़ी वन्दे भारत एवं 1 जोड़ी अमृत भारत सहित अन्य ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है एवं विगत 6 महीने में इस ट्रेन सहित 8 नई ट्रेनों का संचालन प्रारंभ किया गया है। साथ ही उन्होंने जैसलमेर से जोधपुर तक लाइन के ट्रैक रिन्युअल के कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी के लिए खुशी का क्षण है क्योंकि आज जैसलमेर से दिल्ली शकूर बस्ती के लिए नई रेल सेवा का संचालन प्रारम्भ किया जा रहा है। यह केवल एक रेल सेवा का शुभारम्भ नहीं बल्कि जैसलमेर के विकास, सुविधा और प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नई रेल सेवा जैसलमेर के पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विगत समय में अश्विनी वैष्णव ने राजस्थान के लिए अनेकों कार्यों की सौगातें प्रदान की है। कार्यक्रम में उम्मेदा राम बेनीवाल कैलाश चौधरी छोटू सिंह ने अपने संबोधन में नई रेल सेवा तथा अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
30 नवम्बर, 2025

## आचार्य हस्ति चिकित्सालय में कार्डियापल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) के बारे में दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर केन्द्र द्वारा शनिवार को आचार्य हस्ति चिकित्सालय में कार्डियो, पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) के बारे में चिकित्सालय में पधारे मरीजों एवं उनके परिजनों को जानकारी प्रदान कर जागरूक किया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुरेन्द्र जैन ने बताया कि सीपीआर आपातकालीन उपचार जो सांस या दिल की धडकन रूकने पर जान बचाने के लिये किया जाता है। सीपीआर में मरीज की छाती पर दबाव डालकर व मुख से कृत्रिम सास दिया जाता है ताकि मस्तिष्क और शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंगों तक रक्त संचार होता रहे। दिल का दौरा पडने की स्थिति में सीपीआर तुरन्त शुरू करने से जान बचने की संभावना बहुत अधिक बढ़ जाती है। इस दौरान केन्द्र सदस्यगण, चिकित्सालय का कर्मचारी, मरीज व उनके परिजन उपस्थित रहे।

## अलवर की मुक्केबाज चारु यादव का खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में चयन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, जो 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक भरतपुर में आयोजित होने जा रहे हैं, में अलवर की प्रतिभाशाली महिला मुक्केबाज चारु यादव का चयन हुआ है। यह अलवर जिले के लिए गर्व का विषय है कि जिले की खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। चारु यादव के साथ इस प्रतियोगिता में अलवर जिला बॉक्सिंग संघ से टेक्निकल ऑफीसर अजीत यादव एवं गौरव सैनी भी टीम के साथ जाएंगे और ऑफिशियल दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर अलवर जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव, सचिव देवेंद्र सिंह रावत और भूपेंद्र सिंह राठौड़, साधना शर्मा, मनीष सैनी, संजीव शर्मा, गिरीश शर्मा, दीपक प्रजापत, हुकुम सिंह गॉड आदि पदाधिकारियों ने चारु यादव को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं और विश्वास व्यक्त किया है कि मुक्केबाज अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन करेगी।



## भागवत कथा दिखाती है विचार, वैराग्य और ज्ञान का मार्ग, भागवत कथा के पांचवें दिन अनेक प्रसंगों का किया वर्णन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के गणेशाराम की बाड़ी में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पांचवे दिन कथाव्यास पण्डित पंकज दाधीच ने कथा में श्री कृष्ण जन्म के बाद की लीलाओं का वर्णन किया गया। इसमें पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें और माखन चोरी के प्रसंग शामिल थे। कथा व्यास ने भगवान के गो प्रेम और कालिया नाग मर्दन की कथा भी सुनाई। कथा में कंस के आमंत्रण पर श्री कृष्ण का बड़े भाई बलराम के साथ मथुरा प्रस्थान का वर्णन भी किया गया। कथा व्यास ने कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि इस युग में हरि नाम का स्मरण ही जीव के कल्याण के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा विचार, वैराग्य और ज्ञान का मार्ग दिखाती है। सत्ययुग, त्रेता और द्वापर की तुलना में कलयुग में कठिन तपस्या या यज्ञ की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर मुख्य यजमान शांतिदेवी, नानुराम, राजकुमार, भागीरथ दाधीच, महेंद्र टाक, पूनमचंद पांडिया, कन्हैयालाल स्वामी, सुरेश पांडे, रामवतार, बालचंद, गोपालराम, रामचंद्र, श्यामलाल, रामलाल, हनुमानमल कम्मा, मनोज नाई, सुमेरमल, विनोद, बाबूलाल बागड़ी, बनवारी नाई, धीरज, नितेश, सांवरमल, रामकिशन, सीताराम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## फ्रेंड्स फॉरएवर सोसाइटी की कार्यकारिणी का गठन, नितिन सेठिया अध्यक्ष व छत्रमोहन शर्मा बने उपाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** क्षेत्र की सामाजिक संस्था फ्रेंड्स फॉरएवर सोसाइटी ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए रोहित स्वामी, हरीश जैसनसरिया और आशीष मिश्रा को संरक्षक बनाया गया है। वहीं नितिन सेठिया को अध्यक्ष और छत्रमोहन शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया। राजेश पारीक सचिव, महावीर सोनी सहसचिव, गोपाल जालान को कोषाध्यक्ष और चंद्र प्रकाश लाटा को सहकोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमित आंचलिया संगठन मंत्री का दायित्व संभालेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष नितिन सेठिया ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य फ्रेंड्स फॉरएवर सोसाइटी के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुँचाना है। यह कार्यकारिणी पारदर्शिता और समर्पण के साथ काम करेगी और हम सब मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ठोस कार्य करेंगे। वहीं सहकोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी चंद्र प्रकाश लाटा ने कहा कि संस्था के हर सकारात्मक कार्य को पूरी पारदर्शिता के साथ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर फ्रेंड्स फॉरएवर सोसाइटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।



# बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत 'लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित

### राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने किया वन स्टॉप सेंटर का किया अवलोकन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी के मुख्य आतिथ्य में महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज राजकीय गौरी देवी महिला महाविद्यालय में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत 'लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने अपने संबोधन में समाज में बढ़ती लिंग आधारित हिंसा के विभिन्न स्वरूपों शारीरिक, मानसिक, आर्थिक तथा सामाजिक के बारे में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला और बालिका को अपने अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे अन्याय या हिंसा के विरुद्ध साहसपूर्वक आवाज उठा सकें। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा से संबंधित प्रमुख कानूनों पीओएसएच अधिनियम 2013, पोक्सो अधिनियम 2012 इत्यादि एवं महिला हिंसा से संबंधित कानूनों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि




### वन स्टॉप सेंटर का किया अवलोकन

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध आवास, परामर्श, चिकित्सा एवं कानूनी सहायता सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह केंद्र उन महिलाओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल के रूप में कार्य कर रहा है, जो किसी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न का सामना कर रही हैं। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल ने अवगत कराया गया कि वन स्टॉप सेंटर द्वारा अब तक कुल 1930 महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। इन महिलाओं को परिस्थितिनुसार कानूनी सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श, अस्थायी आवास, चिकित्सा सुविधा तथा पुनर्वास संबंधी सहयोग प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि महिलाएँ किसी भी सहायता हेतु वन स्टॉप सेंटर के हेल्पलाइन नंबर 0144-2940152 अथवा महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर संपर्क कर सकती हैं।

## *राजीविका की महिलाओं ने केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव से दिल्ली आवास पर की मुलाकात*



### केंद्रीय वन मंत्री राजीविका उत्पादों को पहचान दिलाने एवं उचित मंच प्रदान करने का दिया आश्वासन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र से नई दिल्ली आवास पर राजीविका अलवर की महिलाओं ने मुलाकात की। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने राजीविका की महिलाओं के उत्पादों को पहचान दिलाने एवं उनके उत्पादों को मार्केट उपलब्ध करवाने में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने तीन स्तर की रणनीति बनाने जिनमें राजीविका उत्पाद की पहचान, उत्पाद के मूल्यवर्धन हेतु प्रशिक्षण एवं तैयार उत्पादों को बेहतर बाज़ार उपलब्ध करवाने के सुझाव दिए। उन्होंने राजीविका महिलाओं को प्रशिक्षण तथा बेहतर बाज़ार उपलब्ध करवाने में सहयोग पर बल दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि इस दिशा में अन्य विभागों को भी निर्देशित किया जाएगा कि राजीविका के उत्पाद विक्रय के लिए स्थान उपलब्ध करवाए। इस दौरान राजीविका बहनों केंद्रीय वन मंत्री यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्होंने अलवर सांसद खेल उत्सव और राजीविका-वी शक्ति मेले के माध्यम से खिलाड़ियों और महिलाओं, दर्शकों को भोजन उपलब्ध करवाने का अवसर दिया, जिससे उनको 15 लाख रुपये का ऑर्डर मिला और मेले में भी वो लाखों रुपये के उत्पाद विक्रय कर पाये। इस दौरान राजीविका बहनों ने केंद्रीय वन मंत्री को हस्तनिर्मित 'बाजरे के लड्डू' और 'राजीविका बहनों की पाती' भेंट की।

## अनियमितता बरतने पर 3 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** गुण नियंत्रण अभियान के अंतर्गत उर्वरक निरीक्षकों द्वारा जिले में यूरिया वितरण एवं व्यवस्था हेतु 9 कृषि उर्वरक आदान विक्रेताओं का निरीक्षण कर पाई गई अनियमित्ताओं के लिए 3 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा ने बताया कि जिले में वर्तमान में 1482 मैट्रिक टन यूरिया व 1577 मैट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं आपूर्ति निरंतर जारी है। राज्य सरकार और कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की दैनिक उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कम उपलब्धता और अधिक खपत वाले ब्लॉकों को चिन्हित कर जिले भर में प्राथमिकता के साथ पूर्ण पारदर्शिता से डीएपी व यूरिया का वितरण किया जा रहा है। उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी जिले भर में पूर्ण सतर्कता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से यूरिया, डीएपी एव अन्य उर्वरकों का राज्यों को महावार व कंपनिवार आवंटन किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त आवंटन एवं जिलों की मांग के अनुसार जिलेवार आपूर्ति योजना तैयार कर प्रदेश में उर्वरकों को वितरण कराया जाता है। आगामी दिनों में नर्मदाबायो कैम कम्पनियो की यूरिया रैक लगने जा रही है। इफको की 1400 मै0टन यूरिया की रैक आज लग गयी है। उन्होंने कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में अंकित सिफारिशानुसार ही उर्वरकों के उपयोग हेतु प्रेरित करने, उर्वरकों का समान रूप से पारदर्शिता के साथ वितरण कराने और उर्वरक वितरण में अनियमितता बरतने वाले विक्रेताओं, जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु समस्त निरीक्षकों को निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा समस्त किसानों को समान रूप से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के लिए कृषकों को पंक्तिबद्ध किया जाकर उर्वरकों का वितरण प्रशासन के सहयोग एवं विभागीय कार्मिकों की देख-रेख में किया जा रहा है। किसान भाईयों से निवेदन है कि कृषि आदान विक्रेताओं से उर्वरक विक्रय करने के लिये अपना आधार कार्ड एवं जमीन से सम्बंधित दस्तावेज (जमाबन्दी) साथ लेकर जावें। केवल पंजीकृत कृषि आदान विक्रेताओं से ही कृषि आदान क्रय करें।

## विभिन्न विभागों द्वारा शनिवार को ग्रेप के उल्लंघन पर कार्रवाई कर 1,32,800 का लगाया जुर्माना

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा।** भिवाड़ी में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन, नगर परिषद, बीड़ा, रीको, आरएसपीसीबी, पीडब्ल्यूडी तथा अन्य विभागों ने संयुक्त रूप से व्यापक कार्रवाई की। विभिन्न विभागों द्वारा किए गए निरीक्षणों, चालानों और दंडात्मक कार्यवाहियों के माध्यम से शनिवार को 1,32,800 का जुर्माना लगाया गया तथा ग्रेप की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विभागों द्वारा सी एंड डी गतिविधियाँ (निर्माण एवं ध्वस्तीकरण गतिविधियाँ) कि साइट्स पर कुल 116 निरीक्षण किए गए, जिनमें 25 उल्लंघन पाए गए। कार्रवाई के दौरान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, नगर परिषद और रीको द्वारा कुल 23 चालान जारी किए गए तथा 130800 रुपये का जुर्माना लगाया गया। नगर परिषद भिवाड़ी द्वारा अवैध डंपिंग रोकने के लिए 2 निरीक्षण किए गए और 2 चालान जारी कर 1500 रुपये का दंड वसूला गया। इसके अतिरिक्त, नगर परिषद द्वारा कचरा जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए 2 निरीक्षण किए गए। इस दौरान 1 चालान जारी किए गए और 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। परिवहन विभाग द्वारा 17 वाहनों पर प्रदूषण फैलाने के चलते चालान की कार्रवाई की गई। आरएसपीसीबी द्वारा 119 औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया, जिनमें 3 में उल्लंघन पाए जाने पर कार्यवाही की गई। मानकों का पालन न करने वाले 6 डीजी सेट को सील किया गया। सड़क धूल कम करने के लिए रिको, बीड़ा, नगर परिषद, हाउसिंग बोर्ड विभागों द्वारा 23 टैंकर एवं वॉटर स्प्रिंकलर तैनात किए गए। इसके साथ ही 4 स्स्स्रूमशीनें तैनात की गईं तथा कुल 66.5 किलोमीटर सड़क मार्ग का सफाई कार्य किया गया।

### सृजन की सुरक्षाः

## उमरैण में बेटियों के नाम रोपे गए पौधे, बालिकाओं को मिला 'पर्यावरण प्रहरी' का सम्मान '

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा), जयपुर के दिशा-निर्देशों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA), अलवर के तत्वावधान में शनिवार को ग्राम पंचायत उमरैण स्थित ऐतिहासिक 'जोड़ीवाला मंदिर परिसर' में पर्यावरण संरक्षण और विधिक जागरूकता का एक अनूठा संगम देखने को मिला। 'सृजन की सुरक्षा (फेज-2)' अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम ने प्रकृति प्रेम और नारी सशक्तिकरण की एक नई मिसाल पेश की। बेटियों के नाम समर्पित हर पौधाः कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नवजात बालिकाओं के जन्म के उपलक्ष्य में किया गया विशेष पौधारोपण रहा। 'सृजन की सुरक्षा' की मूल भावना को साकार करते हुए, यहाँ 'एक बेटी-एक पेड़' के सिद्धांत पर प्रकृति संरक्षण और 'बेटी बचाओ' के संदेश को एक साथ प्रसारित किया गया।

### बालिकाओं का सम्मान, भविष्य का निर्माणः

इस गरिमामयी आयोजन में उन बालिकाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया और प्रशंसा पत्र (Certificates) प्रदान किए गए, जिन्होंने पूर्व में 'सृजन की सुरक्षा' के तहत उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया था। प्राधिकरण के सचिव ने बालिकाओं को पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी और भविष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।



### संविधान के प्रति जागरूकताः

पौधारोपण के साथ ही एक व्यापक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। इसमें उपस्थित ग्रामीणों को भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त 'मौलिक अधिकारों' और राष्ट्र के प्रति उनके 'मूल कर्तव्यों' की सरल भाषा में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सोनी, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, स्थानीय अधिवक्तागण, और बड़ी संख्या में मातृशक्ति (महिलाएं), पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।

## सबीना बानो बनी महिला विंग की संभाग अध्यक्ष

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मुस्लिम महासभा महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमा सोलंकी ने सुजानगढ़ की सबीना बानो पत्नी एडवोकेट सलीम खान, निवासी नूर नगर को मुस्लिम महासभा महिला विंग की बीकानेर संभाग अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। संरक्षक सिकन्दर खान पठान, प्रभारी अमजद खान के निर्देशों पर यह नियुक्ति की गई है। सबीना बानो को संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस नियुक्ति पर फरजाना खान, आईना खान, शबनम बानो, रूखसाना बानो, आरिफ खान, एडवोकेट रणजीत खान, एडवोकेट आसिफ टाक, उस्मान खान, एडवोकेट इमरान टाक, अनीश जिनवा, नदीम भीचर, अब्दुल खान सहित अनेक सामाजिक संगठनों के लोगों ने खुशी जाहिर की है।

## महिला समूह बैठक आयोजित कर बताए गए घरेलू सीवरेज कनेक्शन के लाभ



**रतनगढ़** आरयूआडीपी की ओर से वार्ड नं. 10 माताजी के मन्दिर के पास महिलाओं की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जयपुर कैप से आए मनोज वास्तव ने बताया की सीवरेज परियोजना की माता, बहनों को इसलिए बताना जरुरी है की घर के व्यक्ति कार्य के लिए बाहर गए हुए है ओर परियोजना के बारे में हमें सम्पूर्ण जानकारी होगी तो परियोजना का पुरा -पुरा लाभ ले पायेंगे । जानकारी देते हुए बताया गया की घरेलू सीवरेज कनेक्शन आरयूआडीपी की ओर से नि-शुल्क किया जा रहा है । कार्य के दौरान शोचालय, स्नानघर व रसोई को जोड़ा जायेगाद्य घर वालो को मात्र रसोई व स्नानघर में जाली लगानी है। कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या होती परियोजना द्वारा जारी टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क कर समस्या का समाधान कराएद्य बैठक में आज घरेलू सीवरेज कनेक्शन के लाभ बताए गए। आज बैठक में घरेलू साफ सफाई के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमें रसोई मे दो प्रकार के कच्चरा पात्र रखना चाहिए एक सूखे कच्चरा डाले एवं दुसरे में गिला कच्चरा डाले ओर कच्चरा पात्र को ढककर रखना चाहिएद्य प्लास्टिक की थैलियां प्रयोग कर नालियों में नहीं बहाए बजार से शब्जियाँ लाकर गर्म पानी से धोकर फ्रीज रखे क्योंकी शब्जियाँ में दवाई का प्रयोग होता बिना शब्जियाँ धोये फ्रीज रखने से फ्रीज में रखी अन्य खाने की वस्तु खराब हो सकती है बैठक में आज स्वयं साहयता समूह की जानकारी दी गई।बैठक का संचालन प्रवीण सिंह राठौड़ ने किया परियोजना से जुड़ी काजल सांखला सहित काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया ।

## सैन ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में निभाई निर्णायक की भूमिका

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** सुजानगढ़ निवासी कुलदीप सैन ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में निर्णायक की भूमिका निभाई है। सरकार के खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन जोधपुर में किया गया। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में भारत की टॉप 8 यूनिवर्सिटी की टीमों ने भाग लिया जिसके अंतर्गत 48 बॉयज और 48 ही गर्ल्स प्रतिभागी ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने ट्रेडिशनल योगासन इवेंट में भाग लिया। इस प्रतियोगिता को करवाने के लिए पूरे भारत से 30 निर्णायक मंडल के सदस्य भारत सरकार द्वारा मनोनीत किए गए, जिसमें पूरे राजस्थान से 3 लोगों को निर्णायक मनोनीत किया गया। जिसके अंतर्गत सुजानगढ़ से कुलदीप सैन को भी मनोनीत किया गया। कुलदीप सैन पहले भी कई राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता मे निर्णायक की भूमिका अदा कर चुके हैं।



## मण्डावा में टॉप टेन बेटियों का सम्मान कल



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** कस्बे की समाज सेवी संस्थान श्री गांधी जनकल्याण समिति , मण्डावा की ओर से आगामी एक दिसम्बर, सोमवार को सुबह सवा 11 बजे नगर पालिका के निकट पूनम गर्ल्स कॉलेज मण्डावा में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में अव्वल रही टॉप टेन बेटियों का माला पहनाकर नगद राशि व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया जाएगा । कार्यक्रम प्रभारी सूर्यप्रकाश लाहोरा ने बताया की शनिवार को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में करीब 150 बालिकाओं ने हिस्सा लिया । टॉन टेन इनका होगा सम्मान छात्रा क्रमश : स्नेहा बागड़ी ,अंजली कुमावत सिमरन कुरैशी ,प्रियंका भार्गव रिंकू ,मोनिका कंवर मोनिका कुमारी,पूनम टीना कंवर व साजिदा आदि विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा ।

## गीता जयंती की पूर्व संध्या पर घरों मे दीपक जलाएं- जोशी

जयपुर टाइम्स

1 दिसंबर को भाईजी हनुमान प्रसाद जी पौद्दार के नोहरे में दोपहर 12:15 बजे गीता जयन्ती मनाई जायेगी । गीता प्रचार समिति के अध्यक्ष महेश जोशी ने कहा कि भगवद्गीता भगवान श्रीकृष्ण की मुख की वाणी है । गीता में 18 अध्याय व 700 श्लोक हैं विश्व में जितने भी ग्रंथ है उनमें भगवद्गीता ही एक ऐसा ग्रंथ हैं जिसकी हर वर्ष जयंती मनाई जाती है गीता का अध्ययन हमें जीवन जीने की कला सिखाता है व मरने पर मोक्ष प्रदान करता है गीता जयन्ती की पूर्व सन्ध्या 30 नवम्बर को सभी अपने घरों में 11 या 21 दीपक अवश्य जलायें । जिससे भगवद्गीता का प्रचार प्रसार हो ।

# पीसीसी में कांग्रेस के सभी बड़े नेता एक मंच पर, दिल्ली की रैली और एस. आई.आर. पर चर्चा

**डोटासरा की अध्यक्षता में हुई बैठक, गहलोत रंधावा पायलट और टीकाराम जूली भी रहे मौजूद, नए जिला अध्यक्ष और संगठन से जुड़े तमाम बड़े लोग बैठक में नजर आए**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कांग्रेस के सभी बड़े नेता शनिवार को राजस्थान कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में एक मंच पर नजर आए दिल्ली में आगामी 14 दिसंबर को रामलीला मैदान में आयोजित होने जा रही कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रियव्यापी रैली और राजस्थान में संपादित हो रहे मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर शनिवार को राजस्थान कांग्रेस की ओर से एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली को ऐतिहासिक और शानदार बनाने के लिए राजस्थान से इस रैली में ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस जनों के शामिल होने तथा राजस्थान में चुनाव आयोग की ओर से शुरू किए गए मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर प्रदेश भर में कांग्रेस के जिन नेताओं को चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया था उन सभी नेताओं से इस प्रक्रिया के बारे में आवश्यक फीडबैक लिया गया ।बैठक में निगरानी रखने वाले नेताओं ने अपने अनुभव भी शेयर किए कहां-कहां किस तरह से बूथ लेवल अधिकारियों की ओर से मतदाता सूची के तैयार करने में जो नीति और रवैया अपनाया जा रहा है उसके बारे में भी बताया गया प्रदेश के किस क्षेत्र में और कहां-कहां मतदाता सूची से नाम काटे गए हैं नाम काटने के पीछे कारण क्या है किन लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं तथा बूथ लेवल अधिकारियों के कार्य शैली और उनकी मनोदशा के बारे में भी कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं ने इस पूरी प्रक्रिया पर फोकस रखने वाले नेताओं से जानकारी हासिल की बैठक में पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को भी पार्टी के सीनियर नेताओं ने साफ निर्देशित किया है कि वह अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य पर नियमित रूप से कड़ी निगरानी रखें जहां भी जैसी भी गड़बड़ी और लापरवाही सामने आए तो उसके बारे में जिला प्रशासन को तुरंत अवगत करवाए इसके साथ ही प्रदेश कार्यालय को भी इस तरह की शिकायतों के बारे में अवगत करवाया जाए और बिना किसी घबराहट और डर के फील्ड में पब्लिक के बीच में जाएं और लोगों को भी यह समझाएं कि अगर बूथ लेवल अधिकारी गलत तरीके से व्यवहार करता है या फिर पक्षपात पूर्ण व्यवहार अपनाते हैं तो उसका डटकर विरोध करें प्रदेश कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी की ओर से शुरू किए गए वोट चोरी के मामले में राजस्थान में हस्ताक्षर अभियान को संपादित किया था जिसमें प्रदेश भर के लोगों से वोट चोरी के मामले में हस्ताक्षर करवाए गए थे इन हस्ताक्षरों के सभी दस्तावेजों का संकलन कर लिया गया है हस्ताक्षर अभियान संबंधी सभी दस्तावेज दिल्ली में रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली में विभिन्न राज्यों की कांग्रेस पार्टी की इकाइयों की ओर से प्रस्तुत किए जाएंगे अलग-अलग राज्यों से हस्ताक्षर अभियान का संपादन किया गया था इसलिए 14 दिसंबर को राहुल गांधी रैली में एलान करेंगे कि देशभर के कितने लोगों ने वोट चोरी के मामले में हस्ताक्षर किए हैं इस बात का खुलासा खुद राहुल गांधी दिल्ली की रैली में करेंगे इसलिए राजस्थान में भी हस्ताक्षर अभियान की प्रक्रिया को कंप्लीट कर दिया गया है

### पाली, जालौर, सिरोही में गुजरातियों के नाम नहीं काटे जा रहे जबकि घुमंतू और दलित लोगों के नाम काटे जा रहे

*राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि राजस्थान कांग्रेस की ओर से प्रदेश की सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर निगरानी रखने के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई थी । इसके अलावा बूथ लेवल पदाधिकारी भी नियुक्त किए गए थे इन सब कांग्रेस जनों से बैठक में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर अब तक का फीडबैक लिया गया है । इसके अलावा 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली की व्यवस्थाओं को लेकर की बैठक में चर्चा की गई है डोटासरा ने पत्रकारों से कहा कि बैठक में कांग्रेस जनों ने उन्हें बताया है कि पाली, जालौर, सिरोही और गुजरात की सीमा के पास स्थित अन्य जिलों में गुजरात के लोगों के नाम मतदाता सूची से नहीं काटे जा रहे जबकि घुमंतू दलित और मजदूर गरीब लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी बड़े पैमाने पर लोगों के नाम काटने की रणनीति पर चुनाव आयोग कार्य कर रहा है लेकिन राजस्थान कांग्रेस चुनाव आयोग के मंसूबों को सफल नहीं होने देगी और पुरजोर तरीके से इसका विरोध करेगी उन्होंने कहा कि मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर दिल्ली की रैली में भी विस्तार से चर्चा होगी और राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव आयोग के व्यवहार और कार्यशैली को लेकर कांग्रेस पार्टी रणनीति तैयार करेगी ।*

## धानमंत्री उज्ज्वला योजना कैंप का हुआ आयोजन

**उज्ज्वला योजना ई-केवाईसी अनिवार्य,सब्सिडी के लिए जरूरी : रवीना मीणा**



जयपुर टाईम्स

**सांगानेर(निसं.)।** कस्बे में स्थित शक्ति विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को रेनवाल माजी इंडेन ग्रामीण वितरक के सानिध्य में कैंप आयोजित किया गया। जिसमें इंडियन ऑयल की फील्ड ऑफिसर रवीना मीणा द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस सिलेंडर प्राप्त करने की विस्तार से जानकारी ग्रामीणों को दी गई। फील्ड ऑफिसर रवीना मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा उज्जवला योजना भारत के गरीब परिवारों की महिलाओं के चेहरे पर खुशी लाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा 1 मई 2016 को शुरू की गई एक योजना है इस योजना के अंतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शन मिलेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक उपभोक्ता को ई केवाईसी जरूर करवाना चाहिए। उज्ज्वला योजना के 50 आवेदन प्राप्त किए गए। इस मौके पर फील्ड ऑफिसर रवीना मीणा ,गैस एजेंसी के प्रोपराइटर मांगूसिंह चौहान ,लदाना पूर्व सरपंच सुखपाल गुर्जर ,उप प्रधान प्रतिनिधि महेश चौधरी ,प्रधानाचार्य रामराज जाट ,सीमा चौधरी ,रामावतार बैरवा ,जमुना देवी ,सुनीता बैरवा ,मुन्ना प्रजापत ,बादाम मीणा ,संज्या प्रजापत, गुलाब देवी सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

## रूकमणी देवी रामदेव लढा राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित



जयपुर टाइम्स

**नावा सिटी(निसं.)।** नावा सिटी स्थित श्रीमती रूकमणी देवी रामदेव लढा राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने के लिए आवश्यक तकनीकों से परिचित कराना था। प्रशिक्षण में दक्ष प्रशिक्षक भावना मीणा और मीनाक्षी चौधरी ने भाग लिया। उन्होंने छात्राओं को क्राव मागा, ताइक्वांडो किक्स, जूडो थ्रो, कराटे ब्लॉक्स जैसे महत्वपूर्ण आत्मरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन कर उनके व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने समझाया कि किसी भी तरह के अचानक हुए हमले की स्थिति में मानसिक संतुलन बनाए रखना और सही समय पर उचित तकनीक का प्रयोग करना अत्यंत आवश्यक है। छात्राओं ने इस प्रशिक्षण शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया और आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास किया। कार्यक्रम की इसी कड़ी में महाविद्यालय के प्रो. पदमाराम जाखड़ ने छात्राओं को आधुनिक एवं परंपरागत कृषि प्रणालियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने ऑर्गेनिक खेती, उद्यानिकी और सेरीकल्चर जैसी उन्नत कृषि पद्धतियों पर चर्चा करते हुए युवाओं को कृषि क्षेत्र में रोजगार के व्यापक अवसरों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के संदर्भ में जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. आशा नागर ने राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कृषकों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक आचार्य एवं सह प्रभारी प्रो. स्नेहा कीलका भी उपस्थित रहीं।

## नि:शुल्क नैत्र शिविर में 45 मरीजों की जांच, 13 का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन

**नावां सिटी(निसं.)।** विद्या भारती के आदर्श विद्या मंदिर, नावां में प्रतिमाह 29 तारीख को आयोजित होने वाले नियमित नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण नैत्र शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। शिविर में कुल 45 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 13 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। यह शिविर आई रिसर्च सेंटर एवं जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के सौजन्य से सहाय हॉस्पिटल, जयपुर की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम द्वारा संचालित किया गया। चयनित मरीजों को आगे की चिकित्सकीय प्रक्रिया व लैंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन के लिए जयपुर रेफर किया गया, जहां उनका ऑपरेशन पूर्णतया नि:शुल्क किया जाएगा। प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष तुलसीराम राजस्थानी ने बताया कि शिविर में पूर्व में ऑपरेशन करा चुके 15 मरीजों को नजर के चश्मे भी नि:शुल्क उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि मरीजों की जांच, ऑपरेशन, दवाइयां, रहने, भोजन तथा आने-जाने की संपूर्ण व्यवस्था नि:शुल्क की जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग भी समय पर बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सके। विद्यालय में प्रत्येक माह की 29 तारीख को स्थायी रूप से यह नैत्र शिविर आयोजित किया जाता है, जिससे आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बड़ी संख्या में नेत्र रोगी लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, सत्यनारायण लढ़ा, मदनलाल पीपलोदा, प्रधानाचार्य रामप्रसाद कुमावत, एडवोकेट राधावल्लभ मिश्र सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



**नाम परिवर्तन**

मेरे पासपोर्ट V9541664 में मेरा नाम अनशीश चौहान [ANSISH CHAUHAN] मेरे पिता का नाम द्वारकाप्रसाद [DAWARAKA PRASAD] है। जबकि सही नाम अनीश चौहान [ANISH CHOUHAN] पिता का नाम द्वारकाप्रसाद चौहान [DWARKA PRASAD CHOUHAN] है। अनीश चौहान पुत्र द्वारकाप्रसाद चौहान जाति खटीक निवासी वार्ड 18 बिसाऊ तहसील बिसाऊ जिला झुंझुनूं राजस्थान


## मतदाता सूची से अवैध घुसपैठियों को बाहर करना जरूरी, वास्तविक मतदाता को ही वोट देने का हकः राजेंद्र राठौड़



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ ने जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य स्वस्थ लोकतंत्र में बहुत जरूरी है ।मतदाता सूची में अवैध घुसपैठियों को मतदाता सूची से बाहर करना और वास्तविक मतदाता को मतदाता सूची में शामिल करना चुनाव आयोग इसी दिशा में ईमानदारी से अपना कार्य कर रहा है लेकिन कांग्रेस पार्टी इस मामले में बेवजह देश के लोगों को भ्रमित कर रही है जो अवैध रूप से मतदाता सूची में शामिल है उन्हें मतदाता सूची से बाहर करने में आखिर कांग्रेस पार्टी को दिक्कत क्यों है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को पूरे देश भर में एक के बाद एक स्टेट में पराजय का सामना करना पड़ रहा है इसलिए कांग्रेस पार्टी चुनाव में अपनी पराजय की खुंदक निकालने के लिए जानबूझकर मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर भ्रम फैला रही है जो ठीक नहीं है पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश में भजनलाल सरकार ने अब तक शानदार कार्य किया है हर क्षेत्र में सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किया है इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेताओं को प्रदेश सरकार पर हमला बोलने के लिए कोई विषय और कोई मुद्दा नहीं मिल रहा और जब उन्हें प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार पर हमला बोलने के लिए कोई मुद्दा नहीं मिल रहा तो वह जानबूझकर मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है राठौर ने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली भ्रम फैला रहे हैं कि मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य में जुटे 25 बूथ लेवल अधिकारियों की मौत हो चुकी है राठौर ने कहा कि बेहतर यह होगा कि टीकाराम जूली जिन बूथ लेवल अधिकारियों की मौत होने की बात कह रहे हैं अगर उनके सभी के नाम सार्वजनिक करें तो कुछ बात समझ में भी आए लेकिन इस तरह से गलत जानकारियां और गलत तथ्यों के आधार पर चुनाव आयोग के कार्य पर उंगली उठाना प्रतिपक्ष के नेता को शोभा नहीं देता

## राजस्थान में भी 20 से 25 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जाने की तैयारीः जूली



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने जयपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि राजस्थान में भी मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य में करीब 20 से 25 लाख लोगों के नाम काटे जाने की तैयारी चुनाव आयोग की ओर से की जा रही है लेकिन राजस्थान कांग्रेस चुनाव आयोग के इस प्रयास को सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दलित कमजोर और घुमंतू जाति के लोगों के नाम मतदाता सूची में काटे जाने की तैयारी की जा रही है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदेश में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर निगरानी रखने के लिए बहुत लेवल पदाधिकारी की नियुक्ति की गई थी उनसे मिले फीडबैक के आधार पर जानकारी मिली है कि चुनाव आयोग बूथ लेवल अधिकारी पर चुनाव आयोग जोरदार दबाव बनाए हुए हैं जिसकी वजह से राजस्थान में जहां अब तक तीन बूथ लेवल अधिकारियों की दबाव की वजह से मौत हो गई है तो देश भर में अब तक 26 बूथ लेवल अधिकारियों की मौत हो चुकी है जो कहीं ना कहीं मानसिक दबाव की वजह से मौत का शिकार हुए हैं उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक तरह से मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य में जुटा है या फिर हत्या करने के कार्य में कुछ समझ में नहीं आ रहा उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पूरी तरह से केंद्र सरकार के दबाव में कार्य कर रहा है जो भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए काला धब्बा है । उन्होंने कहा कि जिस तरह से बिहार हरियाणा महाराष्ट्र में मतदाता सूची में व्यापक स्तर पर जानबूझकर लोगों के नाम काटे गए अब राजस्थान में भी जानबूझकर मतदाता सूची से नाम हटाने की तैयारी की जा रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं की निगाह मतदाता सूची शुद्धिकरण की प्रक्रिया पर है और कांग्रेस पार्टी इस मामले को अब पूरे देश भर में जोर-जोर से उठा रही है इसी क्रम में 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में भी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय व्यापी रैली का आंदोलन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और इस रैली में मतदाता सूची शुद्धिकरण की प्रक्रिया में चुनाव आयोग की ओर कार्यवाही के बारे में भी आवश्यक रणनीति तैयार की जाएगी ।

## कुछ तो वजह है जिसकी वजह से मतदाता सूची पर हंगामा मचा है : सचिन पायलट



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजस्थान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलट ने जयपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य भारत में पहली बार नहीं हो रहा है बल्कि इससे पहले भी कई बार नई मतदाता सूची चुनाव आयोग की ओर से तैयार करवाई गई लेकिन अब से पहले चुपचाप तरीके से शांतिपूर्वक मतदाता सूची का निर्माण किया जाता था । कहीं भी किसी भी तरह का हंगामा देखने को नहीं मिला लेकिन इस बार ऐसा क्या है जिसकी वजह से पूरे देश में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य पर जगह-जगह विरोधाभास की स्थिति देखने को मिल रही है जगह-जगह लोग इसका विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा कि कुछ तो वजह है जिसकी वजह से मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य पर उंगली उठाई जा रही है उन्होंने कहा कि बिहार में बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम हटाए गए इससे पहले राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में और हरियाणा में वोट चोरी के मामले को तथ्यात्मक तरीके से मीडिया के समक्ष रखा लेकिन राहुल गांधी की ओर से उठाए गए किसी भी सवाल का चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया और ना ही किसी भी तरह की कोई कार्रवाई की इसलिए चुनाव आयोग के व्यवहार और उसकी नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग बहुत ही नाजुक संस्था है आयोग के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है देश की लोकतंत्र की रक्षा करना और संविधान नियम कानून के अनुसार देश में चुनाव संपन्न करवाना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है लेकिन पिछले कुछ सालों से चुनाव आयोग का जो रवैया सामने आया है वह कहीं ना कहीं यह दर्शाता है कि आयोग अपनी जिम्मेवारी और अपने कर्तव्य को ठीक तरह से नहीं निभा रहा इसीलिए आयोग के कार्य शैली पर आज हर कोई सवाल खड़े कर रहा है और पूरे देश में आयोग के कामकाज और मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर उंगली उठाई जा रही है राजस्थान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट ने कहा कि पिछले कुछ सालों से चुनाव आयोग की ईमानदारी और निष्पक्षता पर जो सवाल खड़े हुए वह भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए ठीक नहीं है । उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में जानबूझकर बड़ी संख्या में नाम हटाना मतदान केंद्र पर वीडियो ग्राफी को डिलीट कर देना शिकायतों के निस्तारण में सौतेला व्यवहार करना आचार संहिता के उल्लंघन में भी सौतेला व्यवहार करना ऐसे अनेक उदाहरण देखने को मिले जिसमें चुनाव आयोग ने अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से नहीं निभाया इसीलिए राहुल गांधी ने पूरी तैयारी और मेहनत के साथ वोट चोरी के मामलों का जो खुलासा किया उस पर भी चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की बल्कि चुनाव आयोग मनमाने तरीके से अपने काम को अंजाम दे रहा है पायलट ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि अब तो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में भी मनमर्जी की जा रही है जबकि पहले चुनाव आयुक्त की नियुक्ति एक बेहतर प्रक्रिया के तहत संपादित होती थी लेकिन अब इस बड़ी नियुक्ति में भी सरकार की ओर से मनमानी की जा रही है ।

## पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कई थानों का निरीक्षण किया, शहर के थानों में हल चलें तेज

**शनिवार को पुलिस कमिश्नर ने खो नागोरियां, कानोता, बस्सी, तुंगा पुलिस स्टेशन का किया औचक निरीक्षण**



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर पुलिसिंग को और भी एक्टिव बनाने के क्रम में पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल मैदान में उतर गए हैं। शनिवार को उन्होंने जयपुर पूर्वी हिस्से के कई थानों का अचानक मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया मित्तल ने खोनागोरियां बस्सी कानोता और तुंगा पुलिस स्टेशन का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर ने पुलिस स्टेशन में दर्ज मामलों की संख्या के बारे में जानकारी हासिल करके यह पता लगाया कि अब तक कितनी जांच कंप्लीट हो चुकी है कितनी जांच अधूरी हैं मामलों की पेंडेंसी की क्या स्थिति है तथा पुलिस कमिश्नर के दफ्तर में संबंधित थानों के बारे में जो शिकायतें आई थी उन शिकायतों की सत्यता का पता लगाने के क्रम में भी सचिन मित्तल ने संबंधित थाने के पुलिस अधिकारियों के साथ सवाल जवाब किया पुलिस के दिन और रात की चौकसी व्यवस्था के बारे में भी आवश्यक जानकारी हासिल की इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने पुलिस स्टेशन में पुलिस कर्मियों की शिकायतों के बारे में भी आवश्यक जानकारी हासिल की । इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने पुलिस स्टेशन में पुलिस कर्मियों की शिकायतों के बारे में भी उनसे पूछा बातचीत के दौरान पुलिस स्टेशन में नियुक्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी शिकायतें भी बताई इस दौरान पुलिस कमिश्नर को पुलिस स्टेशन में अधिकारियों और कर्मचारी की कमी के बारे में भी बताया गया। जानकारी के अनुसार सचिन मित्तल के शहर के थानों के औचक निरीक्षण के इस कार्यक्रम के बाद शहर के अन्य थानों में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों में भी हल चलें तेज हो गई है क्योंकि पुलिस कमिश्नर कब किस समय किस थाने में जाकर अपनी क्लास लगा ले यह आइडिया किसी को भी नहीं है इसलिए शहर के सभी थानों में सचिन मित्तल के औचक निरीक्षण के कार्यक्रम को लेकर शहर के सभी थानों का स्टाफ चौकस और सजक जरूर दिख रहा है जानकार लोगों का कहना है कि शहर में अपराधों पर अंकुश लगे और शहर के लोगों को जल्दी से जल्दी पारदर्शक ढंग से इंसाफ मिले तथा आरोपी लोगों को सजा मिले इन सब विषयों को लेकर पुलिस कमिश्नर पहले दिन से ही काफी गंभीर और सजक दिख रहे हैं पुलिस थानों में हर हाल में पीड़ित की शिकायत को दर्ज की जाए और शिकायत की जांच भी जल्दी से जल्दी और पारदर्शक ढंग से संपादित की जाए इस तरह के निर्देश पुलिस कमिश्नर ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को दिए हैं तथा शहर के सभी पुलिस उपायुक्त को भी निर्देशित किया है कि वह निरंतर अपने-अपने क्षेत्र में फील्ड में जाकर पुलिस थानों का निरीक्षण करने के अलावा सामाजिक व्यापारिक संगठनों से भी नियमित रूप से संवाद करके शांति व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें शहर में थानों की बीट व्यवस्था को भी और मजबूत बनाने तथा बीट व्यवस्था में स्थानीय लोगों की सहभागिता की भी जरूरत पुलिस कमिश्नर ने बताई है और कहा है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के नजर आने और किसी भी संदिग्ध वस्तु के दिखाई देने के बाद तुरंत संबंधित पुलिस थानों को सूचित करने संबंधी बात लोगों को गंभीरता से समझना चाहिए ताकि पुलिस सही समय पर सही कदम उठा सके।

# शहरों में छिपे माओवादियों के समर्थक

*ये अर्बन नक्सली खूंखार माओवादियों को आदिवासी समाज का हितचिंतक बताते हैं। जो आदिवासी उनका समर्थन नहीं करते, उन्हें माओवादियों की क्रूरता का शिकार होना पड़ता है। माओवादियों ने न जाने कितने आदिवासियों को पुलिस का मुखबिर बताकर मारा है। बावजूद इसके वामपंथी दलों को सुरक्षाबलों की ओर से माओवादियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान पसंद नहीं आता। वे इससे चिंतित हैं कि सरकार माओवादियों के सफाए के लिए प्रतिबद्ध है। हाल में सुरक्षा बलों को माओवादियों की कमर तोड़ने में उल्लेखनीय सफलता मिली है और अब यह लगने लगा है कि उनका मार्च 2026 तक सचमुच सफाया कर दिया जाएगा। इसका कारण यह है कि एक के बाद एक माओवादी सरगना या तो मारे जा रहे हैं या फिर वे हथियार डालने के लिए मजबूर हो रहे हैं। कुछ समय पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षा बलों के माओवाद विरोधी अभियान को तब बड़ी सफलता मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को मार गिराया गया था। यह कुख्यात माओवादी गुरिल्ला लड़ाका था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेज में पढ़ाई की थी, लेकिन बाद में हिंसा और हत्याओं के खूनी खेल में लिप्त हो गया। यह चिंता की बात है कि माओवादियों के खूनी इतिहास से अवगत होने के बाद भी वाम-विचार वाले बौद्धिक उन्हें वैचारिक खुराक देने में लगे रहते हैं। माओवादी हिंसा लंबे समय से देश के कई राज्यों में आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई थी। एक समय माओवादी हिंसा को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जाता था, लेकिन मोदी सरकार द्वारा उस पर शिकंजा कसे जाने से रक्त बहाने वाले इस हिंसक उग्रवाद पर लगभग नियंत्रित होता दिख रहा है। वैसे तो मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए भी विषैली विचारधारा वाले माओवादियों को नियंत्रित करने के लिए कठोर नीति अपनाई गई, लेकिन सोनिया गांधी द्वारा नियंत्रित राष्ट्रीय सलाहकार परिषद ने इस कठोर नीति का विरोध किया। विरोध इतना बढ़ा कि उस अभियान को शिथिल करना पड़ा। इससे माओवादियों का मनोबल बढ़ा और उन्होंने अपनी ताकत बढ़ानी शुरू की। उस दौर में माओवादियों का दुस्साहस इतना अधिक बढ़ गया था कि माओवादी सरगना किशनजी कहता था कि सरकार से वार्ता के पहले सुरक्षा बलों को भी हथियार डालने होंगे।*



इसे एक धोखा ही कहा जाएगा कि चंद कथित पर्यावरण प्रेमी वायु प्रदूषण के विरुद्ध प्रदर्शन करें और फिर एकाएक अपने प्रदर्शन को माओवादियों के प्रति हमदर्दी जताने में तब्दील कर दें। बीते दिनों दिल्ली में ऐसा ही हुआ। कुछ लोग दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन करने उतरे, लेकिन फिर वे कुख्यात माओवादी सरगना हिड़मा के समर्थन में उतर आए। उन्होंने 'माडवी हिड़मा अमर रहे' के नारे लगाए। पुलिस ने जब उन्हें नारे लगाने से रोका तो वे पेपर स्प्रे छिड़कते हुए हिंसक हो गए। पुलिस ने 15 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया। ये माओवाद समर्थक अर्बन नक्सल वाली परिभाषा पर खरे उतरते हैं। ये इससे खफा थे कि हिड़मा को क्यों मारा गया। स्पष्ट है कि ये अर्बन नक्सल जानबूझकर हिड़मा की खूनी हरकतों से अनजान थे। हिड़मा के मारे जाने के बाद माओवादी कैडर में हड़कंप है। सुरक्षाबलों की सक्रियता के चलते माओवादी बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों में बस्तर जिले में ही सक्रिय 2 करोड़ 8 लाख के इनामी 69 नक्सलियों ने हथियार डाले हैं। इनमें पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल हैं। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कह रहे हैं कि मार्च 2026 तक देश से माओवाद का समूल नाश कर दिया जाएगा। इस कारण जंगलों में छिपे माओवादी और साथ ही अतिवादी वामपंथी वैचारिकता से जुड़े अर्बन नक्सली बौखला गए हैं। माओवाद ऐसी जहरीली विचारधारा है, जिसे नगरीय बौद्धिकों का भी समर्थन मिलता रहा है। ये अर्बन नक्सली खूंखार माओवादियों को आदिवासी समाज का हितचिंतक बताते हैं। जो आदिवासी उनका समर्थन नहीं करते, उन्हें माओवादियों की क्रूरता का शिकार होना पड़ता है। माओवादियों ने न जाने कितने आदिवासियों को पुलिस का मुखबिर बताकर मारा है। बावजूद इसके वामपंथी दलों को सुरक्षाबलों की ओर से माओवादियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान पसंद नहीं आता। वे इससे चिंतित हैं कि सरकार माओवादियों के सफाए के लिए प्रतिबद्ध है। हाल में सुरक्षा बलों को माओवादियों की कमर तोड़ने में उल्लेखनीय सफलता मिली है और अब यह लगने लगा है कि उनका मार्च 2026 तक सचमुच सफाया कर दिया जाएगा। इसका कारण यह है कि एक के बाद एक माओवादी सरगना या तो मारे जा रहे हैं या फिर वे हथियार डालने के लिए मजबूर हो रहे हैं। कुछ समय पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षा बलों के माओवाद विरोधी अभियान को तब बड़ी सफलता मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को मार गिराया गया था। यह कुख्यात माओवादी गुरिल्ला लड़ाका था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेज में पढ़ाई की थी, लेकिन बाद में हिंसा और हत्याओं के खूनी खेल में लिप्त हो गया। यह चिंता की बात है कि माओवादियों के खूनी इतिहास से अवगत होने के बाद भी वाम-विचार वाले बौद्धिक उन्हें वैचारिक खुराक देने में लगे रहते हैं। माओवादी हिंसा लंबे समय से देश के कई राज्यों में आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई थी। एक समय माओवादी हिंसा को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जाता था, लेकिन मोदी सरकार द्वारा उस पर शिकंजा कसे जाने से रक्त बहाने वाले इस हिंसक उग्रवाद पर लगभग नियंत्रित होता दिख रहा है। वैसे तो मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए भी विषैली विचारधारा वाले माओवादियों को नियंत्रित करने के लिए कठोर नीति अपनाई गई, लेकिन सोनिया गांधी द्वारा नियंत्रित राष्ट्रीय सलाहकार परिषद ने इस कठोर नीति का विरोध किया। विरोध इतना बढ़ा कि उस अभियान को शिथिल करना पड़ा। इससे माओवादियों का मनोबल बढ़ा और उन्होंने अपनी ताकत बढ़ानी शुरू की। उस दौर में माओवादियों का दुस्साहस इतना अधिक बढ़ गया था कि माओवादी सरगना किशनजी कहता था कि सरकार से वार्ता के पहले सुरक्षा बलों को भी हथियार डालने होंगे। इसमें कोई दो राय नहीं कि माओवादियों का तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उनकी ताकत अभी शेष है। ज्यादातर माओवादी आदिवासी हैं। वे दुर्गम जंगली क्षेत्रों में छिपने के स्थलों और जल स्रोतों से खूब परिचित हैं। जंगलों में रह रहे माओवादियों के साथ-साथ उन्हें वैचारिक समर्थन देने वाले अर्बन नक्सलियों से भी इसलिए सावधान रहना होगा, क्योंकि वे यह भ्रम फैलाते हैं कि सरकार उद्योगपतियों को आदिवासियों की जमीन सौंपकर उन्हें बेदखल करना चाहती है। दिल्ली में कथित पर्यावरण प्रेमियों ने जिस तरह प्रदूषण के बहाने माओवादियों के प्रति हमदर्दी जताई, उससे यही स्पष्ट होता है कि सरकार को माओवादियों के इन शहरी समर्थकों यानी अर्बन नक्सल से सावधान रहना होगा। शहरी बुद्धिजीवियों का जो तबका माओवादी हिंसा पर मौन रहता है, वह एक तरह से उनके खूनी तौर-तरीकों का समर्थन ही करता है। जब कभी ऐसे राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी गिरफ्तार किए जाते हैं तो बौद्धिकों और वकीलों का एक गुट उनके पक्ष में लामबंद हो जाता है।


## सम्पादकीय

### हार्दिक - अमन की मौत हादसा नहीं, हरियाणा की खेल व्यवस्था का एक्सरे रिपोर्ट है



हरियाणा में बास्केटबाल के दो खिलाड़ियों की मौत को भले ही हादसे के तौर पर देखा जाए, लेकिन यह दरअसल राज्य के समूचे तंत्र में खेलों के प्रबंधन से लेकर व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों और वहां की खेल नीति पर एक गंभीर सवाल है। इससे अफसोसनाक और क्या होगा कि बास्केटबाल के ये खिलाड़ी अपनी मेहनत और लगन से देश के लिए कुछ बड़ी उपलब्धि हासिल करना चाहते थे, लेकिन सरकारी अव्यवस्था और लापरवाही की वजह से उनकी जान चली गई। दोनों खिलाड़ियों की मौत पर व्यापक चिंता उभरने के बाद हुई कार्रवाई में कुछ संबंधित कर्मचारियों या अधिकारी को निलंबित किया गया और सरकार ने सभी खेल मैदानों और बास्केटबाल के पोल या खंभों की जांच के आदेश जारी किए। मगर सवाल है कि जो खंभे हादसे की वजह बने, लंबे समय से जर्जर हालत में होने के बावजूद संबंधित सरकारी महकमों ने उनकी अनदेखी क्यों की। इस लिहाज से देखें तो हादसों में दोनों खिलाड़ियों की मौत के वास्तविक जिम्मेदारों की पहचान और उन्हें कठघरे में खड़ा करने की जरूरत है। गौरतलब है कि राज्य के रोहतक और बहादुरगढ़ में अभ्यास करने के क्रम में दो खिलाड़ियों के पेट और सीने पर बास्केटबाल का खंभा गिर गया और उनकी मौत हो गई। जो खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बूते भविष्य में उपलब्धियां हासिल कर परिवार से लेकर देश के लिए गर्व का जरिया बन सकते थे, सरकारी लापरवाही की वजह से उनकी जान चली गई। खबरों के मुताबिक, दोनों ही जगह बास्केटबाल का खंभा इस जर्जर हालत में था कि उसमें हल्का जोर पड़ते ही टूट कर गिर गया। जाहिर है, खंभे का गिरना एक-दो दिन की लापरवाही का नतीजा नहीं हो सकता। रोहतक के लाखनमाजरा स्थित स्टेडियम में करीब पांच सौ खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। वे बीते काफी समय से खेल विभाग के अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक से मैदान की गुणवत्ता और उपकरणों को ठीक कराने की मांग कर रहे थे। मगर उनकी मांग पर किसी ने समय पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि राज्य में कई अन्य जगहों पर भी खेल मैदानों में जरूरी संसाधनों और उपकरणों की दशा ऐसी है कि खिलाड़ी खेलते या अभ्यास करते हुए हर समय एक तरह के जोखिम से गुजरते हैं। सवाल है कि जो सरकार दो खिलाड़ियों की जान जाने के बाद राज्य के खेल मैदानों में बुनियादी ढांचों की जांच कराने को लेकर सक्रिय दिखी, क्या ऐसा वह पहले नहीं कर सकती थी। हरियाणा एक खेल प्रधान राज्य रहा है। यहां के बहुत सारे खिलाड़ियों ने अपनी क्षमताओं के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए बड़ी-बड़ी उपलब्धियां अर्जित की हैं। रोहतक में हादसे का शिकार होने वाले हार्दिक राठी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी थे और बहादुरगढ़ के अमन भी भविष्य की संभावना थे। मगर यहां खेल मैदानों में हुई त्रासद घटनाओं में उनकी मौत बताती है कि सरकार की खेल नीति की हकीकत क्या है और वह खिलाड़ियों के सुरक्षित अभ्यास करने को लेकर किस हद तक लापरवाह है। अब संभव है कि राज्य के खेल परिसरों में संसाधनों और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सरकार कुछ समय तक सक्रिय दिखे, लेकिन जब तक खिलाड़ियों के अभ्यास और उनकी सुरक्षा को लेकर निरंतर सक्रियता और ईमानदार इच्छाशक्ति को खेल नीति का अनिवार्य हिस्सा नहीं बनाया जाएगा, तब तक बेहतर नतीजों की उम्मीद नहीं की जा सकती।

# वास्तविकता से मुंह मोड़ती आधुनिकता



सर्वोच्च न्यायालय की यह हालिया टिप्पणी चर्चा का विषय बनी कि 'किसी संबंध के समाप्त हो जाने या अप्रिय हो जाने मात्र से उसे बाद में दुष्कर्म के रूप में परिवर्तित नहीं किया जा सकता। विवाह के झूठे वादे पर लगाए गए दुष्कर्म के आरोप तभी स्वीकार्य होंगे, जब वे स्पष्ट और ठोस साक्ष्य से समर्थित हों। वयस्कों के बीच सहमति से बने संबंध का टूट जाना पुरुष के खिलाफ दुष्कर्म के आपराधिक मामले की आधारशिला नहीं बन सकता।' औरंगाबाद के एक वकील पर दुष्कर्म के मामले को निरस्त करते हुए न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने यह भी कहा, 'हर बिगड़े हुए संबंध को दुष्कर्म के अपराध में परिवर्तित करना न केवल अपराध की गंभीरता को कम करता है, बल्कि आरोपित पर अमिट कलंक और गंभीर अन्याय भी थोपता है। आपराधिक न्याय प्रणाली का ऐसा दुरुपयोग अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है।' यह पहला मौका नहीं है कि न्यायालय ने लिव-इन-में रह रहे जोड़ों पर ऐसी तल्ख टिप्पणी की हो। जून 2025 में शाने आलम बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा था कि 'लिव-इन संबंध भारतीय मध्यमवर्गीय समाज के मूल्यों के विपरीत हैं और अक्सर कानूनी विवाद का कारण बनते हैं, जिसका महिलाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।' अभी भारतीय सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जहां कथित नारीवादी समूह यह सिद्ध करने में लगे हैं कि स्त्री की वास्तविक स्वतंत्रता विवाह से मुक्ति में है। यही कारण है कि देश में ऐसी युवतियों की संख्या में वृद्धि हो रही है, जो विवाह को बंधन और दकियानूसी अवधारणा मानकर उसे नकार रही हैं और उसके विकल्प में लिव-इन रिलेशनशिप को महत्व दे रही हैं। आज की भारतीय युवा पीढ़ी स्वयं को आधुनिक मानते हुए परंपरागत नियमों की अनदेखी कर लिव-इन रिलेशनशिप को स्वतंत्र सोच का हस्ताक्षर मानकर स्वयं की पीठ थपथपाती दिखती है, पर कुछ समय बाद वह स्वयं को ऐसे चक्रव्यूह में फंसा पाती है, जिससे बाहर निकलना आसान नहीं। अदनान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य (2023) मामले में न्यायालय ने कहा था, 'पहली नजर में लिव-इन रिश्ता बहुत आकर्षक लगता है..., पर समय बीतने पर... ऐसे जोड़ों को अहसास होने लगता है कि उनके रिश्ते को सामाजिक स्वीकृति नहीं मिली है और वह जीवन भर नहीं चल सकता...।' मानव विज्ञानी जेडी अनविन एक विस्तृत और गहन शोध के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे थे कि किसी भी समाज के सांस्कृतिक पतन के पीछे मुख्य कारण यौन परंपरा में ढील है। अनविन के अनुसार संस्कृति का उच्चतम उत्कर्ष सबसे शक्तिशाली संयोजन विवाह पूर्ण शुद्धता के साथ 'पूर्ण एकपत्नीत्व' था। वे संस्कृतियां जिन्होंने कम से कम तीन पीढ़ियों तक इस संयोजन को बनाए रखा, वे साहित्य, कला, विज्ञान, वास्तुकला और कृषि सहित हर क्षेत्र में सभी अन्य संस्कृतियों से आगे रहीं। निश्चित रूप से वह युवा पीढ़ी जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता को ही विकास और आत्म-संतुष्टि का अंतिम मानदंड मानती है, उसके लिए समाज, संस्कृति और सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रश्न अप्रासंगिक और कभी-कभी दमनकारी तक प्रतीत होता है। यदि लिव-इन संबंधों को विवाह की तुलना में अधिक सुरक्षित, स्वतंत्र और आधुनिक विकल्प माना जाए, तो यह विचारणीय है कि ऐसे संबंध टूटने के बाद तमाम युवक-युवतियां आपराधिक आरोपों, भावनात्मक विवादों और कानूनी संघर्षों में क्यों उलझ जाते हैं? यदि यह व्यवस्था वास्तव में उनके हितों की रक्षा करती, तो अदालतों में ऐसे मामलों की संख्या लगातार न बढ़ती। इसका सबसे विरोधाभास तो तब दिखता है, जब लिव-इन को 'सशक्तीकरण' और 'स्वतंत्रता' का प्रतीक मानने वाली युवतियां कुछ वर्षों के सहजीवन के बाद उसी साथी से विवाह की अपेक्षा करने लगती हैं। स्वतंत्रता के नाम पर विवाह जैसी संस्था को पुरातन या बाधक बताने वाली महिलाएं अंततः इसी विवाह संस्था में स्थिरता, सुरक्षा और सामाजिक स्वीकृति तलाशने लगती हैं। यह दर्शाता है कि लिव-इन का आकर्षण भले ही शुरुआत में आधुनिक और सुविधाजनक प्रतीत हो, किंतु समय के साथ सामाजिक वास्तविकताएं और भावनात्मक अपेक्षाएं उन्हें फिर उसी ढांचे की ओर लौटने के लिए प्रेरित करती हैं, जिसे वे पहले अनावश्यक बंधन मानकर अस्वीकार कर चुकी होती हैं। अदनान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और तीन अन्य के मामले में ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी में कहा था कि विवाह संस्था व्यक्ति को जो सुरक्षा, सामाजिक स्वीकृति, प्रगति और स्थिरता प्रदान करती है, वह लिव-इन-रिलेशनशिप कभी नहीं दे सकता। लिव-इन को इस देश में विवाह संस्था के अप्रचलित हो जाने के बाद ही सामान्य माना जाएगा, जैसे कई तथाकथित विकसित देशों में विवाह संस्था की रक्षा करना उनके लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। हम भविष्य में अपने लिए बड़ी समस्या पैदा करने जा रहे हैं।

# सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में दस नई ग्राम सेवा सहकारी समितियां स्वीकृत

### सरपंचों ने कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत का जताया आभार

### मंत्री कुमावत बोले- नई जीएसएस खुलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर** विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर में विकास पुरूष के नाम से जाने जाने वाले स्थानीय विधायक व कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के प्रयासों से क्षेत्रवासियों को एक और सौगात मिली है। कुमावत के आग्रह एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर सहकारिता विभाग ने सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के दस गांवों में ग्राम सेवा सहकारी समिति की स्वीकृति जारी की है। जोराराम कुमावत ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के सलोदरिया,बलूपुरा, पालड़ी जोड़,जवाई बांध,गोगरा, खीमाडा,गलथनी, नौवीं,वडेरवास, गिरादडा में नई ग्राम सेवा सहकारी समिति मंजूर हुई है। कुमावत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में बहुउदेशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना के मापदंडों में बड़ा बदलाव किया था। इससे नए जीएसएस के गठन में आसानी हो गई थी,यही वजह है कि सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में 10 नई जीएसएस का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बजट वर्ष 2025-26 में नई जीएसएस के गठन का ऐलान किया था। इस बजट घोषणा को पूरा करते हुए सहकारिता विभाग ने यह मंजूरी प्रदान की है। कुमावत ने कहा कि इन गांवों में ग्राम सेवा सहकारी समिति खुलने से ग्रामीणों को किफायती ऋण, सरकारी योजनाओं का लाभ और सामूहिक खरीदारी और बिक्री जैसी कई सुविधाएँ मिल सकेंगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि नई ग्राम सेवा सहकारी समिति (जीएसएस) खुलने से इन गांवों के लोगों के लिए बैंकिंग सुविधाएँ (जैसे बचत, भुगतान और लेन-देन), कृषि उपकरण किराए पर देने और दैनिक उपयोग की वस्तुएँ कम मूल्य पर उपलब्ध कराने जैसे काम भी आसानी से हो सकेंगे। इसके अलावा ग्राम सेवा सहकारी समिति के सदस्यों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेने की सुविधा भी मिल सकेगी। साथ ही बैंकिंग सुविधाएँ जैसे बिल भुगतान (पानी, बिजली, टेलीफोन) और विभिन्न बैंकों के लेन-देन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह समिति लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर काम करती है और लोगों की नागरिक भागीदारी बढ़ाती है। नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्वीकृति मिलने पर सुमेरपुर प्रधान उर्मिला कंवर, शिवराजसिंह, हद्मंत सिंह, सरपंच, सालोदरिया, अनुराधा सिंह जिला परिषद् सदस्य, लालाराम देवासी, घीसुलाल देवासी, तनुश्री चौहान जिला परिषद् सदस्य, भरत कुमावत, प्रवीण चोवटिया, रमणीक त्रिवेदी, महिपालसिंह जोधा, रतन देवासी, सरपंच बलुपुरा, सरपंच जवाई बांध, सरपंच गोगरा, सरपंच खिमाडा, सरपंच गलथनी, सरपंच नोवी, पाली प्रधान मोहिनी देवी, पूजा कंवर जिला परिषद् सदस्य, मंगलाराम प्रजापत, सरपंच वडेरावास, गिरादडा सरपंच, जिला परिषद् सदस्य नन्दनी सीरवी वोराराम सीरवी , मनोहर सीरवी आदि ने स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत का आभार व्यक्त किया है।

# 'न्याय आपके द्वार' अभियान से लोक उपयोगी समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा), जयपुर द्वारा आमजन की लोक उपयोगी सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए 'न्याय आपके द्वार-लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान' नाम से तीन माह का विशेष अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 10 नवम्बर 2025 से 10 फरवरी 2026 तक चलाया जा रहा है। रालसा द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया के तहत स्थायी लोक अदालतों के माध्यम से बिजली, पानी, परिवहन, डाक, बीमा, बैंकिंग, एलपीजी, नगर निकाय, स्वास्थ्य सेवाएं, शैक्षणिक संस्थाएं, आवास एवं भू-संपदा जैसी लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई सरल, निःशुल्क और त्वरित तरीके से की जाएगी। स्थायी लोक अदालतें विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत प्रत्येक जिले में कार्यरत न्यायिक संस्थाएं हैं। अभियान के तहत यदि किसी नागरिक को लंबे समय से जल कनेक्शन न मिलना, गलत या अधिक बिलिंग, बिजली के तारों से खतरा, बार-बार शिकायत के बावजूद ट्रांसफार्मर की मरम्मत न होना, खराब सड़कें, बस/रेल सेवाओं में लापरवाही से नुकसान, सरकारी अस्पतालों में दवाओं या मूलभूत सुविधाओं का अभाव जैसी समस्याएं हैं, तो वे सीधे रालसा से संपर्क कर सकते हैं। रालसा ने शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी बेहद सरल रखी है। प्रार्थी निर्धारित प्रारूप के अलावा साधारण हस्तलिखित आवेदन भी भेज सकता है। उसे केवल अपना आवेदन-पत्र एवं पहचान पत्र की प्रति रालसा के समर्पित मोबाइल नंबर 9119365734 पर व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजनी होगी। नोडल अधिकारी द्वारा शिकायत संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित की जाएगी, जहां से पीएलवी आवेदक से संपर्क कर रिपोर्ट देंगे। इसके आधार पर स्थायी लोक अदालत में निःशुल्क पैरवी हेतु अधिवक्ता नियुक्त किया जाएगा। रालसा द्वारा प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों की निगरानी की जाएगी तथा जरूरत पड़ने पर स्थायी लोक अदालतें कैम्प लगाकर मामलों का निस्तारण करेंगी। यह अभियान न्याय तक आसान पहुँच सुनिश्चित करने और संविधान में निहित न्याय व सेवा के मूल्यों को व्यवहार में उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।



# महिला-प्रधान फिल्म होगी

## कल्याणी प्रियदर्शन की अगली फिल्म

तमिल अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म लोका ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की और उन्हें पैन-इंडिया स्टार के रूप में मजबूती भी दी। इस सफलता के बाद दर्शक और फैंस अब उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। इस कड़ी में उनकी नई फिल्म की आधिकारिक जानकारी सामने आई है, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कल्याणी प्रियदर्शन की अगली फिल्म की खास बात यह है कि यह महिला-प्रधान कहानी है। फिल्म की पूरी कहानी एक महिला पात्र के इर्द-गिर्द घूमेगी और उसकी भावनाओं, संघर्षों और सफर को मुख्य रूप से दिखाया जाएगा। अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म का निर्देशन थिरियम एस. एन. कर रहे हैं, जो इस फिल्म के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण पोटेंशियल स्टूडियोज कर रहा है। यह फिल्म उनका सातवां प्रोजेक्ट है और इससे पहले वे माया, मानगरम, मॉन्स्टर, तानक्करन, इरुगापत्रु और ब्लैक जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। इन सफल फिल्मों के चलते दर्शकों का विश्वास इस बैनर पर पहले से ही बना हुआ है, और उम्मीद की जा रही है कि उनकी यह नई फिल्म भी उसी गुणवत्ता को आगे बढ़ाएगी। कल्याणी प्रियदर्शन की कामयाबी और पोटेंशियल स्टूडियोज की लगातार सफल फिल्मों की सीरीज ने इस नए प्रोजेक्ट को पहले ही एक बड़े स्तर पर पहुंचा दिया है। दर्शक यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि कल्याणी इस बार किस तरह का किरदार निभाएंगी। फिल्म में कल्याणी के साथ देवदर्शिनी और नान महान अल्ला फेम विनोद किशन भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म की शूटिंग चेन्नई में शुरू हो चुकी है। फिल्म के डायलॉग्स प्रवीण भास्कर, श्री कुमार और खुद निर्देशक थिरवियम ने मिलकर लिखे हैं। संगीत की कमान तमिल फिल्म जगत के उभरते हुए संगीतकार जस्टिन प्रभाकरन ने संभाली है, जिनकी धुनें हमेशा दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं।



# नेचुरोपैथी का समर्थन करने के बाद हुई ट्रोलिंग पर सोनाली बेंद्रे ने तोड़ी चुप्पी

सोनाली बेंद्रे कैंसर सर्वाइवर हैं। उन्होने 2018 में इस खतरनाक बीमारी के खिलाफ जंग लड़ी। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि कैंसर से जंग में नेचुरोपैथ भी उनके लिए काफी मददगार साबित हुई। इसके बाद वे मेडिकल प्रोफेशनल्स के निशाने पर आ गई। डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स ने उनकी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सोनाली की पोस्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि, आपका कैंसर कीमोथेरेपी, रेडिएशन और सर्जरी से ठीक हुआ, ना कि नेचुरोपैथी से। आलोचनाओं और सवाल के बाद सोनाली बेंद्रे ने चुप्पी तोड़ी है और सोशल मीडिया पर एक और पोस्ट शेयर किया है।

### सोनाली ने नेचुरोपैथी को लेकर क्या कहा था?

सोनाली बेंद्रे ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किए गए एक पोस्ट में लिखा था, साल 2018 में जब मुझे कैंसर का पता चला तो मेरे नेचुरोपैथ ने मुझे ऑटोफैगी नाम की एक स्टडी के बारे में बताया। इसने मेरी रिकवरी में बहुत बड़ी भूमिका निभाई, इसलिए मैंने इसे पढ़ा, सीखा, प्रयोग किया और धीरे-धीरे इसे अपने रूटीन में शामिल कर लिया। मैं तब से इसे फॉलो कर रही हूं। सोनाली के इस सवाल पर डॉक्टर्स ने सवाल उठा दिए। डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स ने एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर कर किया। बता दें कि डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स भारतीय हेपेटोलॉजिस्ट हैं, जो सोशल मीडिया पर द लिवर डॉक के नाम से जाने जाते हैं।

### विरोध के बाद सोनाली ने तोड़ी चुप्पी

विरोध के बाद सोनाली ने अब एक अन्य पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा है, हम सभी का सहमत होना जरूरी नहीं है, लेकिन हमें एक-दूसरे को सिर्फ इसलिए खारिज करने से बचना चाहिए क्योंकि हम अलग-अलग तरीकों की तरफ झुकते हैं। सोनाली लिखती हैं, मैंने कभी डॉक्टर होने का दावा नहीं किया, लेकिन मैं पक्का कोई नीम-हकीम भी नहीं हूं। मैं एक कैंसर सर्वाइवर हूं, जिसने इस बीमारी से होने वाले डर, दर्द, अनिश्चितता और फिर से बनने की प्रक्रिया को झेला है।

### सोनाली बेंद्रे का फिल्मी करियर

सोनाली बेंद्रे का कहना है, मैं हमेशा अपनी यात्रा ईमानदारी और विनम्रता के साथ शेयर करूंगी। कभी किसी नुस्खे के तौर पर नहीं, बल्कि अपने अनुभव के तौर पर। बता दें कि सोनाली मेटास्टेटिक कैंसर के खिलाफ जंग लड़ चुकी है। अभिनेत्री के करियर की बात करें तो उन्होंने आग (1994) से डेब्यू किया था। वे सरफरोश (1999), हम साथ-साथ हैं (1999), हमारा दिल आपके पास है (2000), लज्जा (2001) और कल हो ना हो (2003) जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं।



# शाहरुख की फिल्म 'किंग' में अक्षय ओबेरॉय की हुई एंट्री

शाहरुख खान की आगामी फिल्म किंग की एक-एक अपडेट का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। अब फिल्म को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। जानकारी आ रही है कि इस फिल्म में एक और कलाकार का नाम जुड़ गया है। जानिए उस अभिनेता के बारे में। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है कि वह शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'किंग' का हिस्सा हैं। आपको बताते चलें कि कई दिनों से चर्चा चल रही थी, अभिनेता इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। हालांकि अब इसपर मुहर लगती दिख रही है। फिल्म किंग को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म में दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर और अभिषेक बच्चन जैसे बड़े नाम भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मल्टीस्टारर धुरंधर में अहम किरदार में

## नजर आएंगी गीतिका गंजू

आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी मोस्ट अवेटेड मल्टीस्टारर फिल्म 'धुरंधर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। एक्शन से भरपूर फिल्म में एक्ट्रेस गीतिका गंजू अहम किरदार में नजर आएंगी। गीतिका का मानना है कि धुरंधर एक ऐसी फिल्म है, जिसे दर्शक काफी पसंद करेंगे। गीतिका गंजू का मानना है कि बहुत कम ऐसी फिल्में आती हैं जो कहानी कहने का तरीका बदल देती हैं और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ने में सफल होती हैं। धुरंधर भी ऐसी ही फिल्म है। एक्ट्रेस गीतिका ने को-एक्टर रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसे स्टार्स के साथ काम करने को शानदार बताया। एक्ट्रेस ने कहा, धुरंधर एक जबरदस्त फिल्म बनने के साथ सिनेमाघरों में छाने को तैयार है। भारत में इस जॉनर को शायद पहले कभी इतनी सच्चाई और स्टाइल के साथ नहीं दिखाया गया। मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बहुत खुश और उत्साहित हूं। फिल्म की तारीफ करते हुए गीतिका ने स्पष्ट कहा, मेरा मानना है कि कुछ ऐसी फिल्म आती है, जो कहानी कहने का तरीका बदल देती है, धुरंधर वैसी ही फिल्म है। गीतिका ने बताया, आदित्य धर और लोकेश धर ने फिल्म के लिए खूब मेहनत की है, जिसका नतीजा स्क्रीन पर दिखेगा। आदित्य धर ने कहानी को बेहद बोल्ड और रियल तरीके से पेश किया है। गीतिका ने आगे कहा कि फिल्म का हर एक एक्टर खास है। राकेश बेदी, रणवीर सिंह और सारा अर्जुन के साथ काम करना उनके लिए यादगार रहा। रणवीर सिंह को एक्शन में देखने का अनुभव शानदार रहा। गीतिका गंजू ने अपनी एक्टिंग से खास पहचान बनाई है। आमिर खान प्रोडक्शंस की 'लाल सिंह चड्ढा', 'म्यूजिक मेरी जान', 'आर्या सीजन 2' और 'तनाव सीजन 2' जैसे सफल प्रोजेक्ट में उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है।




# रणवीर सिंह से लेकर संजय दत्त तक

## खलनायक के रूप में नजर आए ये बड़े स्टार्स

**बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म धुरंधर में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।**



फिल्म सिंघम अगेन (2024) में **अर्जुन कपूर** ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म शैतान (2024) में



**आर माधवन** ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म वश पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें **रणबीर कपूर** के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया। फिल्म पद्मावत (2018) में **रणवीर सिंह** ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म अग्निपथ में **संजय दत्त** ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।





# भगवान शिव का किरदार निभाने को लेकर बोले मोहित मलिक

**मोहित मलिक ने डोली अरमानों की और कुल्फी कुमार बाजेवाला जैसे टीवी शोज से घर-घर में अपनी पहचान बनाई। वह दो दशक से भी ज्यादा समय से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। दर्जनों टीवी शोज और वेब सीरीज कर चुके मोहित मलिक किसी परिचय के मोहताज नही हैं। इस वक्त वह माइथोलॉजिकल शो महागाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय में काम कर रहे हैं, जिसमें वह भगवान शिव का किरदार निभा रहे हैं। मोहित मलिक ने अपने इस किरदार के अलावा 8 घंटे की शिफ्ट पर छिड़ी बहस पर बात की।**

मोहित मलिक पहली बार माइथोलॉजिकल शो में काम कर रहे हैं। वह गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय में भगवान शिव के रूप में नजर आ रहे हैं। इस शो में काम करने की वजह पर वह कहते हैं, इस शो मेकर्स का नजरिया अलग था। उन्होंने मुझे कंवींस किया कि वह इसका प्रेजेंटेशन वैसे ही करेंगे जैसा उन्होंने मुझे बताया है। फिर इसमें शिव का रूप भी एकदम अलग है। वह उस तरह का टिपिकल नहीं है जैसा लोग अब तक देखते आए हैं। शिव और उनके परिवार को इंसानी रूप में दिखाया गया है। बकौल मोहित, शिव के आशुतोष रूप का प्रभाव मेरे ऊपर सबसे ज्यादा पड़ा है क्योंकि वह बहुत भोला है, दयालु हैं और सबको जल्दी से माफ कर देते हैं। मैं उनसे सबसे ज्यादा कनेक्ट करता हूं।

### AI का एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर कैसा रहेगा प्रभाव?

मोहित ने इस दौरान मनोरंजन जगत में AI पर भी बात की। जब हमने पूछा कि AI एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को किस तरह प्रभावित करेगा? तो मोहित ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि कभी पूरी तरह AI से फिल्में और शोज़ बनेंगे। हालांकि यह बहुत अच्छी तकनीक है लेकिन उसे एक सीमित मात्रा में ही इस्तेमाल करना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि मैं कभी AI बेस्ड महाभारत देखूंगा क्योंकि मुझे असली परफॉर्मेंस, असली लोग, असली इमोशंस चाहिए। ऑडियंस भी एक्टर से कनेक्ट होती है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि कभी पूरे AI बेस्ड शो बनेंगे।

### पैसे को लेकर आपका पहला सबक क्या है?

मेरी जिंदगी में पैसा कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। मैं हमेशा से अच्छा काम करना चाहता था। बस इतना था कि मैं अपना घर खरीद लूं और गाड़ी ले लूं। लेकिन अब लगता है कि थोड़ा सा बैलेंस होना चाहिए क्योंकि अब मेरे पास परिवार है। जैसे पहले मैं रोल को तवज्जो देता था और सोचता था कि उसके लिए पैसों से समझौता कर लूंगा। लेकिन अब मैं पैसों को लेकर समझौता नहीं करता। अब मैं जो डिजर्व करता हूं, वह मांगता हूं और वह मिल भी रहा है।

### 8 घंटे नहीं 12 घंटे की वर्किंग शिफ्ट ठीक

मोहित मलिक ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर कहा, हमारे यहां आमतौर पर 12 घंटे की शिफ्ट होती है और मुझे उससे कोई समस्या नहीं है। जो लोग यह कहते हैं कि बस आठ घंटे की वर्क शिफ्ट होनी चाहिए, तो यार आप प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के बारे में भी तो सोचो। एक एक्टर सेट पर आता है, फिर एक घंटा वह मेकअप करवाता है। तो आठ घंटे में कितना ही काम होगा। मुझे 12 घंटे ठीक लगते हैं। मैं उससे ज्यादा शूटिंग नहीं करता। हां, ये जरूर है कि शूटिंग के घंटे 14 नहीं होने चाहिए। 14 घंटे आप बतौर एक्टर काम कर भी नहीं सकते। 12 घंटे से ज्यादा काम करना आसान नहीं होता। मगर आठ घंटे से प्रोड्यूसर का बहुत नुकसान होगा।

### आपकी पहली कमाई क्या थी?

मेरी पहली कमाई दिल्ली में थी और उससे मैंने कुछ खरीदा नहीं था। मैंने अपनी दादीजी को जाकर चेक दे दिया था। उसके बाद तो मैंने शुरू में कपड़े खरीदना और जो लड़कों के शौक होते हैं, वह पूरे किए थे।

### आपका सेविंग मंत्र क्या है?

सेविंग मंत्र है कि लगभग 30-40 फीसदी कमाई में से बचाना होता है। ज़ाहिर है कि सेविंग करना बहुत जरूरी है क्योंकि हम जिस ऐक्टिंग की इंडस्ट्री में हैं, वह बहुत ही अनिश्चित है। हालांकि हम देखते हैं कि हमारा मासिक खर्च कितना है और हम कितना बचा सकते हैं।

आपने अब तक सबसे महंगा खर्च क्या किया है?

सबसे महंगा तो मैंने अपना घर ही लिया है मुंबई में।

### आपका रिटायरमेंट प्लान क्या है?

मैंने उसे लेकर कोई प्लान नहीं बनाया है। इसलिए चाहता हूं कि जब तक जिंदा रहूं, एक्टिंग करता रहूं।

आप युवाओं को क्या सलाह देना चाहेंगे?

पैसे की सेविंग बहुत जरूरी है। और उसी के साथ जिंदगी एंजॉय करनी भी जरूरी है। सिर्फ सेविंग के चक्कर में आज की जिंदगी मत गंवाओ। तो जितना कमा रहे हो, उसमें से थोड़ा एंजॉय करने के लिए खर्च करो। मगर पूरा मत खर्च करो। थोड़ा सेविंग भी करो।

## सिपाही ने प्रसूता के लिए किया रक्तदान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सिपाही ने प्रसूता के लिए रक्तदान क़र मानवीय फर्ज़ निभाया है। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर एडीशनल एसपी ऑफिस में कार्यरत सिपाही विनोद विनोद माजीपुरा ने लाडनूं के अस्पताल मे भर्ती प्रसूता के लिए रक्तदान किया। बड़ी मुश्किल से उपलब्ध होने वाले रक्त समूह बी नेगेटिव का रक्तदान सुजानगढ़ ब्लड बैंक मे टीम हारे के सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की प्रेरणा से किया गया। विनोद काफ़ी बार जरुरत पड़ने पर रक्तदान करते रहते हैं। वहीं मनोज बुगालिया, राकेश रिणवा, शाहरुख, रामदयाल सोलेरा आदि ने भी स्वर्णकार की प्रेरणा से ए नेगेटिव रक्तदान विभिन्न मरीजों के लिए किया।



## चूरू जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने जताया आलाकमान का आभार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल के चूरू जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उन्होंने पीसीसी चीफ गोविंदसिंह डोटासरा, राजस्थान प्रभारी सुखजिंद्रसिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से मिलकर शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। जिला अध्यक्ष मनोज मेघवाल के साथ पूर्व जिला प्रमुख भंवरलाल पुजारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम अग्रवाल, पीसीसी सदस्य रामकरण गुलेरिया, ज़िला कांग्रेस महासचिव विद्याधर बेनीवाल, युवा नेता सोरभ ढाका आदि साथ रहे। इस अवसर पर मनोज मेघवाल ने कहा कि एक आशा और विश्वास के साथ आने वाले समय में जिला कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए काम किया जायेगा।

## डाइट झुंझुनूं में सी लर्निंग विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन संपन्न हुआ




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं डाइट में सामाजिक, भावनात्मक व नैतिक शिक्षण आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन डाइट प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझड़िया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया संस्थान की डी आर यू प्रभागाध्यक्ष डॉक्टर सीमा सुरा के निर्देशन में एसआरजी सुरेंद्र सिंह व पीरामल फाउंडेशन से शेर सिंह व गांधी फ़ेलोज ने जिले भर के 40 शिक्षकों को कक्षा में विद्यार्थियों के सामाजिक भावनात्मक और नैतिक मूल्यों के विकास हेतु प्रशिक्षण दिया गया इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझड़िया ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए उन्हें कक्षा कक्ष एवं परिवार में एक सुरक्षित शांत और आनंद पूर्ण माहौल देना है प्रभागाध्यक्ष डॉक्टर सीमा सुरा एवं एस आर जी सुरेंद्र सिंह द्वारा नवाचार करते हुए डाइट में होने वाले प्रशिक्षणों के दौरान अल्पाहार में चाय के लिए डिस्पोजेबल गिलासों का प्रयोग बंद कर उनकी जगह मिट्टी के कुल्हड़ या सेरेमिक कपों का उपयोग करने की पहल कर इस नवाचार को शुरू किया गया इसी क्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों के माध्यम से 50 सिरेमिक कपों का सेट प्रधानाचार्य की उपस्थिति में डाइट संस्थान को भेंट किया गया जिसकी सभी ने सराहना की प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभा न्योला,डॉ राजबाला ढाका, पेस्ट प्रभागाध्यक्ष प्रमेंद्र कुल्हार, व्याख्याता विधी, डीआरयू सहप्रभारी सरोज चौधरी शिल्पा,विकास, अंजू, विनीता, कुमारी एवं सरकारी विद्यालयों के शिक्षक संभागी उपस्थित रहे ।

## विद्यालय में स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ




जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ बाल्मिकि बस्ती स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रामदेवरा नवलगढ़ में आज 29 नवंबर 2025 को महावीर इंटरनेशनल नवलगढ़ द्वारा गोपी कृष्ण महावीर प्रसाद धरणीधरका मुंबई प्रवासी नवलगढ निवासी के आर्थिक सहयोग से विद्यालय के जरूरतमंद 80 छात्रों को स्वेटर वितरित की गई । स्वेटर वितरण कार्यक्रम में उमेश कुमार जोशी का बड़ा सहयोग रहा इन्होंने दानदाता को प्रेरित किया। तथा उमेश कुमार जोशी ने बताया कि भविष्य में भी कभी बच्चों को किसी भी प्रकार की जरूरत पड़े तो हम बच्चों की सहायता के लिए तैयार रहेंग। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन सोहनलाल चांवरिया स्काउट के पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चौबदार, संस्था के पूर्व प्रधानाचार्य रामावतार सबलानिया,दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष संजय कडवाल, शिक्षक ओमप्रकाश, ललिता राजबाला ,सुनीता बेनीवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।संस्था के सुनीता बेनीवाल ने भामाशाह, व आगन्तुकों का आभार प्रकट किया।

## सम्मान के साथ सह-अस्तित्व ही स्त्री विमर्श का आधार गूंजन चौहान

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** स्त्री विमर्श आज साहित्य की केन्द्रीय धारा तो है ही इस समय की महती आवश्यकता भी है। सदियों से सम्मान, संवेदना और अधिकार के लिए संघर्षरत आधी आबादी को आज भी सम्मान के साथ सह जीवन व सह-अस्तित्व के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह बात स्थानीय राजकीय लोहिया महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित स्त्री विमर्श के विविध आयाम विषय पर आयोजित सेमीनार की अध्यक्षता करते हुए गुजन चौहान ने कही। इस सेमीनार में स्त्री विमर्श के विविध आयाम विषय पर न केवल विचार-विमर्श हुआ अपितु वन्दना सैनी ने स्त्री विमर्श के विविध आयाम के साथ प्रभा खेतान के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वन्दना शर्मा ने मैत्रेयी पुष्पा और पायल शर्मा ने निर्मला पुतुल के स्त्रीवादी लेखन को रेखांकित करते हुए अपने शोध पत्र में स्त्री विमर्श की विविध समस्याओं तथा विसंगतियों, विडम्बनाओं व विदुपताओं को उजागर करते हुए स्त्री विमर्श के विविध आयामों को स्रोताओं के सामने प्रस्तुत किया। पत्र-वाचन के पश्चात् समीक्षक के रूप में प्रतिज्ञा जाखड़ व भरत सिंह राठौड़ ने प्रस्तुत पत्रों की समीक्षा करते हुए स्त्री विमर्श के विविध आयामों और अनछुए पहलुओं को स्रोताओं के सामने रखते हुए कहा कि स्त्री विमर्श आज के समय की महती मांग है और यह विमर्श स्त्री के मौलिक अधिकारों के साथ उसके कर्तव्यों के बरक्स समाज में उसके स्थान और महत्व को रेखांकित करता है। इससे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मंजु शर्मा ने कहा कि स्त्री विमर्श सिमोन द बाउवार की कृति 'द सैकेण्ड सेक्स की उक्ति स्त्री पैदा नहीं होती वरन् बनाई जाती है, से लेकर प्रभा खेतान की स्त्री उपेक्षिता से होता हुआ मुक्त करो नारी को युग-युग की कारा से' में गुंजता हुआ दिखाई देता है। स्त्री विमर्श एक सांस्कृतिक, सामाजिक आन्दोलन है और यह स्त्री की अस्मिता की वास्तविक तलाश है। इस अवसर पर डॉ. विभा परीक ने अनामिका और निर्मला पुतुल की कविताओं के माध्यम से स्त्री विमर्श के सुक्ष्म पहलुओं को स्रोताओं के सामने रखा। इस अवसर पर डॉ. ममता मीणा, डॉ. पूजा प्रजापत भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन श्री कृष्ण ने किया। इस अवसर पर साहिबा, अनिशा, यशवेन्द्र सोनी, प्रीतेश सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन उम्मेद सिंह गोठवाल ने किया।

## रतनगढ़ के रीको क्षेत्र स्थित हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में लगी आग, हुआ लाखों का नुकसान, एक माह में है यह दूसरी घटना

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(चूरू)** रतनगढ़ के रीको स्थित एक हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना पर रीको एवं नगरपालिका की दमकलें मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूर्णतया काबू पाया गया। घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। बीते एक माह में यह दूसरी घटना है। मिली जानकारी के अनुसार रीको स्थित माकड़ आर्ट हैंडीक्राफ्ट एंड फर्नीचर में शॉर्ट सर्किट होने से देर रात आग लग गई। फैक्ट्री बंद होने तथा उसमें एक भी कर्मचारी नहीं होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब पास की फैक्ट्रियों के कर्मचारियों ने आग की लपटें देखी, तो रीको संघ के अध्यक्ष धन्नाराम सुथार को घटना से अवगत करवाया। सुथार की सूचना पर दमकलें एवं फैक्ट्री के मालिक मुरलीधर माकड़ मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में लाखों रुपए का फर्नीचर, लकड़ियां एवं मशीनें जल गई। उल्लेखनीय रहे कि इससे पूर्व भी एक नवंबर को रीको स्थित एक हैंडीक्राफ्ट इंडस्ट्रीज में भी आग लग गई थी, जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ था।

## आशा सहयोगिनियों की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** डिप्टी कंट्रोलर डॉ. शीशराम चौधरी की अध्यक्षता में आशा सहयोगिनियों की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में नर्सिंग अधिकारी श्रीमती सरिता, लेखा सहायक कमल पारीक, एलएचवी सरस्वती, कंप्यूटर ऑपरेटर महिपाल, सुनीता तथा सभी एएनएम मौजूद रहीं।बैठक के दौरान जेएसएसके, लाडो योजना, सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग तथा संपूर्ण टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने आगामी माह के लक्ष्यों को स्पष्ट करते हुए स्वास्थ्य योजनाओं के अधिकाधिक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। साथ ही लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए आशा सहयोगिनियों को जागरूकता गतिविधियाँ तेज करने पर भी जोर दिया गया।

## ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों का लोकार्पण का सिलसिला जारी, 3 करोड़ के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण



### लोकार्पण करने पहुंचे अतिथियों का डीजे बजाकर व पुष्प वर्षा कर किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जिला परिषद व पंचायत समिति के द्वारा करवाए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण सातवें चरण में भी जारी रहा। इस चरण में प्रधान कोष से ग्राम पंचायत शिमला में 28.96 लाख, बोघेरा में 21.54 लाख, बिल्यू बास रामपुरा में 86.66 लाख, मेहरासर उपाधियान में 120.40 लाख, रातूसर में 13.10 लाख की लागत से हुए विकास कार्यों का लोकार्पण भाजपा नेता मधुसूदन राजपुरोहित, पूर्व प्रधान भैरोसिंह, भूमि विकास बैंक चेयरमैन ईश्वरराम डूडी, डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड, जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक, श्योकरण पोटलिया, सरपंच गोपाल सिंह, पस सदस्य श्यामलाल शर्मा, रामनिवास पारीक, गिरधारीलाल स्वामी, हीरालाल बेनीलाल, सुरेन्द्र सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों नें किया। जिला प्रमुख वंदना आर्य नें अपने कोष से पंचायत मेहरासर उपाधियान में 15 लाख की लागत से पानी निकासी हेतू नाला निर्माण, 10 लाख की लागत से इंटरलोक सड़क का निर्माण करवाया है। विकास कार्यों से गद-गद हुए बिल्यू बास रामपुरा के ग्रामीणों नें भाजपा नेताओं का डीजे बजाकर पुष्पा वर्षा कर और 31 किलो की माला पहनाकर आभार जताया। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष एवं प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित नें ग्रामीणों का धन्यवाद करते हुए कहा की आप लोगों नें हमें सदैव दिया ही दिया है। पांच साल पहले जो आप लोगों नें जिम्मेदारी दी थी उसका ईमानदारी से निर्वहन किया और करोड़ो के विकास कार्य विभिन्न पंचायतों में करवाए। साथ ही राजपुरोहित नें कहा की विकास का नाम भाजपा है। पंचायती राज चुनावों विकास कार्यों के बलबूते पर भाजपा आप के बीच आयेगी। इस अवसर पर भाजपा नेता श्यामलाल शर्मा, ईश्वरराम डूडी सहित भाजपा नेताओं नें अपने विचार व्यक्त किये। क्षेत्र में आये हुए भाजपा नेताओं का बिल्यू सरपंच शीशपाल सिहाग, मंडल अध्यक्ष महेंद्र स्वामी, युवा नेता जोगेंद्र सिंह, धनपत दहिया, नोरा देवी, मंजू देवी, विमला देवी, गोपीराम, रतिराम, मोहरी देवी, अजीज खां सहित अनेक ग्रामीणों नें साफा व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

## संसार में भक्तों की रक्षार्थ प्रभु लेते हैं अवतारः शास्त्री

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय गनोड़ा रोड स्थित किस्तूरनाथ बगीची में चल रही श्रीमद्भागवतकथा के तीसरे दिन मुख्य यजमान भेराराम बासनीवाल रहे। संत नेमनाथ महाराज का सानिध्य कथा में प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कथावाचक मोहित राज शास्त्री ने कहा कि जब-जब भक्तों में संकट पड़ा है और जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि हुई है, तब-तब प्रभु ने अवतार लिया है। भगवान विष्णु ने समय-समय पर 12 अवतार लेकर संसार में धर्म की स्थापना की और अधर्म का विनाश करते हुए मानवता को जनकल्याण का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अवतार मानवता को संदेश देता है। आयोजन को सफल बनाने में सुखाराम भाकर, रामनारायण पुनिया, सुखाराम नूवां, डालमचंद प्रजापत, रामेश्वरलाल सिद्ध, भंवरलाल गुलेरिया, बहादुर माली, लक्ष्मीनारायण प्रजापत आदि का सहयोग रहा।

## पौने 75 लाख का क्लेम पारित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण सुजानगढ़ ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में मृतक के परिजनों के पक्ष में फैसला देते हुए करीब पौने 75 लाख का अवार्ड पारित किया है। एडवोकेट महेंद्र सिंह डूकिया, ओमप्रकाश घोटिया ने बताया कि एडवोकेट विद्याधर ढ़ाका निवासी सुजानगढ़ को दिनांक 7 फरवरी 2023 को अपने ऑफिस से कार्य करके साईड में पैदल चलते वक्त प्रगति नगर की तरफ डंफर चालक ने वाहन को गफलत व लापरवाही चलाते हुए टक्कर मार दी थी। जिसके चलते विद्याधर ढ़ाका की मौत हो गई। इस पर वारिशान की ओर से क्लेम याचिका पेश की गई। जिस पर जज महेंद्र प्रताप भाटी ने 74 लाख 73 हजार 850 रू. का अवार्ड पारित करते हुए न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को दो माह में भुगतान के आदेश दिए हैं। साथ ही याचिका पेश करने की तारीख से 6 प्रतिशत ब्याज भी देय होगा।

## नाबालिग से रेप के आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निसं.)** पॉक्सो कोर्ट द्वितीय ने 14 वर्षीय नाबालिग से रेप के आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला शुक्रवार को सुनाया गया। यह मामला राजलदेसर थाना क्षेत्र का है और वर्ष 2024 में दर्ज किया गया था। विशिष्ट लोक अभियोजक एडवोकेट हेमसिंह शेखावत ने बताया कि राजलदेसर थाने में 1 सितंबर 2024 को इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, 14 वर्षीय नाबालिग अपने घर में सो रही थी, तभी आरोपी घर में घुस आया और उसके साथ रेप किया। नाबालिग के चिल्लाने पर परिजन जाग गए और उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया। परिजनों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और बाद में कोर्ट में चार्जशीट पेश की। विशिष्ट न्यायाधीश पॉक्सो द्वितीय अनिल कुमार गुप्ता ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने मामले में 13 गवाहों के बयान दर्ज किए और 32 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। विशिष्ट न्यायाधीश ने युवक को पॉक्सो अधिनियम के तहत दोषी माना। पॉक्सो कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास और 20 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया। राज्य सरकार की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक हेमसिंह शेखावत ने पैरवी की।

## बाल विवाह कुरीति के विरोध में राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा निकाला कैंडल मार्च



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** राजस्थान महिला कल्याण मंडल चूरू के द्वारा संचालित परियोजना एक्सिस तो जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के संस्था निदेशक राकेश कौशिक के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के शुभारंभ पर बाल विवाह का विरोध जताते हुए संस्था द्वारा ज़िले के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास की बालिकाओं व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रुकैया पठान के द्वारा शपथ दिलवाई गई बाल विवाह कुरीति को मिटाने व उसका विरोध करते हुए मोमबत्ती जलाकर बाल विवाह रोकथाम हेतु कैंडल मार्च निकाला। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उपलक्ष्य में इस संस्था के ब्लॉक कोर्डिनेटर राकेश कल्ला व हनुमान प्रसाद ,संस्था के वॉलंटियर्स द्वारा चुरू सहित तारानगर ,सरदारशहर, बीदासर ,सुजानगढ़ , राजगढ़ ,रतनगढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाले 50 गांवों में स्लम एरिया , समुदाय ,आवासीय बालिका छात्रावास के बच्चों व महिलाओं के साथ कैंडल मार्च निकालकर शपथ दिलवाई व बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए जागरूक किया और बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था के पूनम प्रजापत ,सुमन चोपड़ा ,रिज़वान ख़ान, होस्टल वार्डन सुशीला , विनोद घिंटाला आदि उपस्थित रही ।

## विवाह उत्सव में राणी सती का दुल्हन के रूप में किया श्रृंगार

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)।** श्री राणीसती मन्दिर , मण्डावा में प्रंबध समिति की ओर से शनिवार को दादी राणीसती का विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया गया । पुजारी योगेश शर्मा ने बताया कि दादी राणी सती का दुल्हन के रूप में श्रृंगार किया गया । सती माता मंदिर में रानी सती भक्त मंडल की महिलाओं ने रानी सती दादी के विवाह उत्सव मनाया। मंडल की प्रमुख पिंकी झुंझुनूंवाला ने बताया कि आज के दिन ही रानी सती दादी का विवाह हुआ था। प्रतिवर्ष की तरह उत्सव मनाया गया। इस दौरान हल्दी व मेहंदी कार्यक्रम कर रीत निभाई गई।महिलाओं को सुहाग सामग्री भी भेंट की गई। दादी का मंगल पाठ किया गया। बधाई गीत गाए गए। जिसमें महिलाएं भक्ति के रंग में रमकर नाच रही थी। इसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ। पिंकी झुंझुनूंवाला ने बताया कि दादी का सारा जीवन प्रेरणादायक रहा है। जिसमें दादी भक्तों की काफी भीड़ हुई। इसके बाद शाम में मंगल पाठ शुरु हुआ। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। मंगलपाठ वाचिकाओं ने संगीतमयी मंगलपाठ पर महिला भक्तों को खूब झूमाया। इस दौरान राणी सती दादी के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा। कार्यक्रम में धर्मानुरागी पिंकी झुंझुनूंवाला, सारिका देवड़ा, मीनू जोशी, ललिता देवड़ा, रश्मि, पिंकी, पूनम, सरोज मोदी, उषा देवड़ा, रजंना, रेखा, अचंल, सुमन, सन्तोष, मधु,किरण, ज्योति सहित अनेक महिला श्रद्धालु उपस्थित रही ।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल नावां शहर जिला डीडवाना कुचामन (राजस्थान)**

टेलीफैक्स:- 01586-263157 ई-मेल :- npnawa@gmail.com

क्रमांक :- न.पा.नावां/ 2025-26/1768 दिनांक:- 29/11/2025

**लोक सूचना**

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है । अर्थात

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री भंवरलालज जाति रेगर निवासी ग्राम भगवानपुरा तहसील नावां जिला डीडवाना - कुचामन | जिला डीडवाना कुचामन तहसील नावां | हेमपुरा | खसरा नं. 828/101 | रकबा 0.1920 हैक्टेयर, अर्थात 1920 वर्गमीटर | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा-90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोवत प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा ।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं हे और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा ।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एवं पालिका मुद्रा से आज दिनांक 29/11/2025 को जारी की गई है ।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**(अधिशाषी अधिकारी)**
**नगरपालिका मण्डल नावां ।**

# जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान, देर शाम करीब 1000 वाहन चालकों को किया गया चैक, 58 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते पाये जाने पर की गई नियमानुसार सख्त कार्रवाई। पुलिस मुख्यालय महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर कैलाश विश्नोई के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में चलाया गया विशेष अभियान। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ मुख्यालय बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से देर शाम जिले भर में शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि जिले में 23 प्रमुख स्थानों पर सभी थानों की पुलिस टीमों द्वारा नाकाबंदी कर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया।जिले में पुलिस टीमों द्वारा शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस द्वारा जिले भर में 996 वाहन चालकों की नाकाबंदी के दौरान ब्रेथ एनालाइज़र से जांच की गई तथा चेकिंग प्रक्रिया को शालीनता और संवेदनशीलता के साथ पूरा करने पर जोर दिया गया। इस दौरान जिले भर में कुल 58 (48 दोपहिया व 09 चौपहिया) वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाये जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल चालक के जीवन के लिए खतरनाक है बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य निर्दोष लोगों के लिए भी बड़ा खतरा है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा जांच अभियान चलाया गया है।शराब पीकर वाहन चलाना गंभीर अपराध है। ऐसे लापरवाह वाहन चालकों की वजह से सड़क हादसों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। आमजन से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यातायात में सहयोग दें। जनहित एवं सड़क सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी ताकि सड़क पर हर व्यक्ति सुरक्षित रह सके।

## बसेड़ी - SHO बालकृष्ण का स्थानीय लोगों ने किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** बसेड़ी SHO यह एक बहुत ही सामान्य और विनम्र स्वभाव के थानाधिकारी है।यह स्थानीय समुदाय और पुलिस प्रशासन के बीच अच्छे संबंध और सद्भावना स्थापित करते हैं बसेड़ी क्षेत्र में बालकृष्ण के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बहुत मजबूत हुई है आपराधिक गतिविधियों में सुधार हुआ है और फरार आरोपीयों को गिरफ्तार कर आमजन में विश्वास पैदा हुआ है SHO बालकृष्ण ने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया है पुलिस आप की हर संभव मदद करेगी मौके पर स्थानीय लोगों के द्वारा साफा और माला पहनाकर स्वागत किया और पुलिस व्यवस्था से बसेड़ी क्षेत्र में लोगों का भरोसा फिर से कायम हुआ है पुलिस विभाग में रहे बालकृष्ण के अनुभव को देखते हुए अपनी जिम्मेदारी को अच्छे से निभा रहे हैं मौके पर रामअवतार परमार दौपुराहरवीर सिंह परमार दौपुरा गौरी परमार दौपुरा मनोज पप्पू परमार तिमासिया परमार पूठपुरा भगवान सिंह परमार पूठपुरा आदि लोग मौजूद रहे।

## धौलपुर शरद महोत्सव में बाउंसरों की गुंडई सामने आई है। यहां झूले पर दो युवकों के साथ बाउंसरों ने जमकर की मारपीट



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** कोतवाली थाना क्षेत्र के मेला ग्राउंड में आयोजित शरद महोत्सव में बाउंसरों की गुंडई सामने आई है। यहां झूले पर दो युवकों के साथ बाउंसरों ने जमकर मारपीट की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, किसी बात को लेकर युवकों और बाउंसरों के बीच बहस हो गई थी। इसके बाद बाउंसरों ने युवकों को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। एक युवक मारपीट से बेहोश हो गया, लेकिन बाउंसरों ने उसे डंडों से पीटना जारी रखा। युवकों को झूले से नीचे भी पटका गया, जिससे वे घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी कृष्णराज जांगिड़ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दो युवकों और दो बाउंसरों को हिरासत में लिया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## बाड़ी में संचालित विद्यालयों की बाल-वाहिनीयों का एसीजेएम आयुष गुप्ता ने किया औचक निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरुण कुमार अग्रवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति बाड़ी सुनील कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार बाड़ी में विद्यालयों द्वारा संचालित बाल वाहिनीयों का एसीजेएम संख्या 3 आयुष गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अग्रसेन विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय, कैम्पस प्ले स्कूल बाड़ी सहित अन्य विद्यालयों की बाल वाहिनीयों निरीक्षण किया। आयुष गुप्ता व थानाधिकारी थाना बाड़ी देवेंद्र शर्मा द्वारा बाल वाहिनियों के चालकों को समझाया कि बच्चों की सुरक्षा हेतु निर्धारित मानदण्डों के अनुसार बाल वाहिनियों का रंग पीला होना आवश्यक है, साथ ही उन पर स्कूल का नाम, पता, फोन नंबर, वाहन चालक व सहायक का नाम आदि अंकित होना आवश्यक है। बाल वाहिनियों के चालक के पास वैध लाईसेंस होना आवश्यक है, साथ ही उसके पास वाहन चलाने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो। उन्होंने कहा कि बाल वाहिनियों में बच्चों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन निकास, प्राथमिक चिकित्सा किट, अग्निशमन यंत्र, जीपीएस इत्यादि होना एवं चालकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होना आवश्यक है। उन्होंने बाल वाहिनी के चालकों को रालसा के द्वारा बाल-वाहिनियों के संबंध में जारी किए गए निर्धारित बिंदुओं की जल्द से जल्द पालना करने की हिदायत दी।

## राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ तहसील आमेर की सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियाँ तेज, आज होगी बैठक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ तहसील आमेर की ओर से प्रस्तावित सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियाँ अब तेज हो गई हैं। इसी को लेकर संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सुबह बजे आयोजित की जाएगी। मीडिया प्रभारी रामफूल मीणा ने बताया कि बैठक सेवड़ माता प्रांगण में संघ अध्यक्ष कानाराम मीणा की अध्यक्षता में होगी। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं का विभाजन, नवदंपतियों के पंजीकरण और आयोजन की तिथि तय करने पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सरल, सादगीपूर्ण और संस्कारी विवाहों को बढ़ावा देना है, जिससे आर्थिक बोझ कम हो और सामाजिक एकता मजबूत बने।

## किशनगढ़ क्षेत्र को 6.84 करोड़ की विकास सौगात, पाँच प्रमुख परियोजनाएँ जनता को समर्पित

जयपुर टाइम्स



**किशनगढ़ (अजमेर)** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री व अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने शनिवार को अपने गृह क्षेत्र किशनगढ़ सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों को 6.84 करोड़ रुपये से अधिक की विकास सौगात दी। उन्होंने दिनभर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुए पाँच प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर उन्हें क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इन कार्यों से क्षेत्र में आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य सुविधाओं और सड़क कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम की शुरुआत किशनगढ़ रेलवे स्टेशन से हुई, जहाँ 2.49 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित दो आधुनिक लिफ्टों का लोकार्पण किया गया। इन लिफ्टों से विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांग यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। चौधरी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किशनगढ़ स्टेशन पर लगातार आधुनिक सुविधाओं का विकास केंद्र सरकार की 'सुविधा संपन्न भारत' की प्रतिबद्धता को दर्शाता है इसके बाद वे ग्राम पंचायत त्योद पहुँचे, जहाँ सांसद निधि से 25 लाख रुपये की लागत से तैयार पाँच सामुदायिक संरचनाओं का लोकार्पण किया गया। इनमें छोटा नरेना में सामुदायिक भवन, त्योदखेड़ी ढाणी व डूक्या ढाणी के खुले बरामदे, जुणदा श्मशान घाट का टिन शेड तथा राजकीय विद्यालय त्योद में निर्मित खुला बरामदा शामिल हैं। इन सुविधाओं से ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक व सामुदायिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। चौधरी ने बांदरसिंदरी में 107.52 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का भी उद्घाटन किया, जो आसपास के गाँवों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का बड़ा केंद्र बनेगा। इसके बाद हरमाड़ा से बुहारू तक 3 किमी सड़क (135 लाख रुपये) और पाटन से नलू तक 4 किमी सड़क (167.50 लाख रुपये) के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनने वाली इन सड़कों पर कुल 302.50 लाख रुपये व्यय होंगे, जिससे ग्रामीण कनेक्टिविटी, व्यापारिक गतिविधियों और कृषि से जुड़ी आवागमन सुविधाओं को नई रफ्तार मिलेगी। चौधरी ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और अजमेर संसदीय क्षेत्र व किशनगढ़ में विकास कार्यों की यह श्रृंखला आगे भी निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## एसआईआर कार्यों की वर्चुअल समीक्षा, 4 दिसंबर तक परिगणना प्रपत्र जमा कराने की अपील

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जिले में मतदाता सूची परिगणना कार्यों की प्रगति की वर्चुअल समीक्षा की गई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के तहत उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना ने ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के साथ समीक्षा बैठक कर दिए गए लक्ष्यों की विस्तार से समीक्षा की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि परिगणना प्रपत्र भरते समय मतदाताओं से उनके परिवार से संबंधित अनिवार्य जानकारी जैसे माता-पिता या दादा-दादी का नाम, मोबाइल नंबर तथा पूर्व पंजीकरण संबंधी विवरण शुद्ध रूप से दर्ज कराएं। यदि कोई व्यक्ति पहले किसी अन्य राज्य की मतदाता सूची में पंजीकृत रहा है, तो उसका विवरण भी अनिवार्य रूप से लिया जाए, ताकि दोहरे पंजीकरण की संभावना समाप्त हो सके। उन्होंने बताया कि परिगणना प्रपत्र 4 दिसंबर तक जमा कराए जा सकते हैं। इसके लिए किसी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक नहीं है, केवल सही जानकारी भरकर प्रपत्र जमा कराना पर्याप्त है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईआरओ एवं एईआरओ को निर्देशित किया कि सभी पात्र मतदाताओं के नामों की गहन जांच करते हुए त्रुटियां पाए जाने पर तुरंत सुधार करवाएं। साथ ही जिले में लगातार जागरूकता गतिविधियां चलाने, युवाओं, प्रथम बार मतदाताओं एवं महिलाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 77-बसेड़ी में 2,04,100, 78-बाड़ी में 2,37,089, 79-धौलपुर में 2,05,191 तथा 80-राजाखेड़ा में 1,93,289 मतदाताओं सहित कुल 8,39,669 ईएफ में से 91.48 प्रतिशत आंकड़ों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## शिक्षक के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा है बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य -डॉ मित्तल

### केंद्रीय विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** जिला मुख्यालय स्थित केंद्रीय विद्यालय में शनिवार को 'बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर शिक्षकों की चुनौतियाँ' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञ मनोचिकित्सक डॉ.सुमित मित्तल ने बदलते समय, बढ़ती प्रतियोगिता और डिजिटल माहौल के बीच बच्चों की मानसिक स्थिति में आ रहे बदलावों और उनसे जुड़े व्यवहारिक पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि आज शिक्षकों के सामने केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भावनात्मक और मानसिक संतुलन को बनाए रखने की जिम्मेदारी भी लगातार बढ़ रही है। कई बच्चे तनाव, आत्मविश्वास की कमी, अकेलापन, परीक्षा का दबाव और सोशल मीडिया की लत जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे में शिक्षक सबसे पहले इन संकेतों को पहचानने वाले और बच्चों को सही दिशा देने वाले महत्वपूर्ण मार्गदर्शक बन जाते हैं। कार्यशाला में उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षाओं में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े व्यवहार पहले दिखाई देते हैं जिनमें अचानक अंक गिरना, चिड़चिड़ापन, ध्यान न लगना, या अत्यधिक शांत होना शामिल है। ऐसे में बच्चों से संवाद बढ़ाना, सहानुभूति रखना, छोटी-छोटी गतिविधियों से तनाव कम करना, तथा जरूरत पड़ने पर परामर्शदाता की मदद लेना कारगर साबित हो सकते है। कार्यशाला में विद्यालय प्राचार्य ने इस पहल को अनुकूल बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने में शिक्षक मुख्य भूमिका निभाते हैं, इसलिए उन्हें लगातार नए तरीकों और तकनीकों से अवगत कराना जरूरी है। कार्यशाला के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक, काउंसलर और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** राजस्व अधिकारियों की जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने एसआईआर के तहत जिले में अब तक हुए कार्यों की प्रगति समीक्षा करते हुए राजस्व प्रकरणों पर पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जिले में परिगणना कार्य प्रगति पर है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की प्रेरणा और मार्गदर्शन से विधानसभा क्षेत्रों में परिगणना प्रपत्रों का संग्रहण, डिजिटलीकरण कार्य किया जा रहा है। एसआईआर कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता दो अलग-अलग स्थानों से मतदाता प्रपत्र न भरें, इसके लिए मतदाताओं को जागरूक किया जाए। परिगणना प्रपत्र 4 दिसंबर तक जमा कराए जा सकते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार का दस्तावेज देना आवश्यक नहीं है। केवल सही जानकारी देकर प्रपत्र जमा कराना पर्याप्त है। राजस्व बैठक में उन्होंने जिला स्तरीय जनसुनवाई में लंबित परिवाद, संपर्क पोर्टल, सीएम प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय लंबित प्रकरणों को संबंधित अधिकारी अपने समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। न्यायालयों में चल रहे लंबित प्रकरणो को गंभीरता से देखते हुए संबंधित अधिकारी इनका नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्थान काश्तकारी अधिनियम से संबंधित प्रकरणों में पुराने मामलों को गहनता से जांच कर नियमानुसार निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि कार्यालय स्तर पर आवेदित भू-संपरिवर्तन के प्रकरण जो कन्वर्जन पोर्टल पर लंबित हैं, उन्हें समय सीमा में निस्तारित करना सुनिश्चित करें। एलआर पीडीआरए एक्ट की वसूली की उपखंडवार समीक्षा के बाद नामांतरण प्रकरणों का निस्तारण एवं शेष प्रकरण, स्वीकृत नामांतरण की समयबद्ध रिपोर्ट, लंबित कुर्रेजात प्रकरण, आपसी सहमति प्रकरण, उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार द्वारा किये गये औचक निरीक्षण व दौरे की ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संघ शताब्दी वर्ष पर गंगापुर सिटी के राहुल गोयल को भारत मंडपम में मिला नेशनल 'हिंदू रत्न' अवॉर्ड




**गंगापुर सिटी(निसं.)।** संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच द्वारा भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय समारोह में गंगापुर सिटी निवासी एवं मंच के राष्ट्रीय प्रभारी राहुल गोयल को प्रतिष्ठित नेशनल अवार्ड 'हिंदू रत्न' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूजी सुशील कुमार सरावगी के नेतृत्व में आयोजित 'हिंदू राष्ट्र का उद्घोष एवं हिंदू रत्न अवॉर्ड समारोह' के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रवादी विचारों के प्रसार, सामाजिक समरसता और हिंदुत्व के मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। राहुल गोयल ने बताया कि इस समारोह में देश विदेश से आए 300 से अधिक प्रतिनिधि, संतजन एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और मंचन के दौरान हिंदू राष्ट्र का जयघोष करते हुए एकजुटता का शक्तिशाली संदेश दिया। भारत मंडपम का विशाल प्रांगण 'भारत माता की जय' एवं 'हिंदू राष्ट्र' के नारों से गूंज उठा, जिससे वहां एक अद्भुत ऊर्जा और उत्साह का माहौल बना रहा। सम्मान प्राप्त करने पर राहुल गोयल ने मंच के पदाधिकारियों एवं समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणास्रोत है और वे इसी संकल्प के साथ राष्ट्रहित और संगठन की गतिविधियों में अपना योगदान देते रहेंगे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

### सीईओ जिला परिषद ने चिकित्सा अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** जिले में संचालित स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा हेतु जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद ए.एन. सोमनाथ की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा विभाग की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं तथा गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नियमित टीकाकरण, मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जांच योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य बीमा योजना, मां वाउचर योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा हुई। सीईओ सोमनाथ ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे टीकाकरण कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा आशा सहयोगिनियों के माध्यम से क्षेत्र के सभी वंचित बच्चों की ड्यू लिस्ट तैयार कर टीकाकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होंने आशान्वित जिला कार्यक्रम के अंतर्गत केपीआई इंडिकेटर्स पर विशेष रूप से काम करते हुए नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में जिले की स्थिति बेहतर करने के लिए परिणाम आधारित प्रयास करने पर जोर दिया। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सोनोग्राफी केन्द्रों की नियमित जांच तथा स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सौंपे गए लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति के निर्देश दिए। सीईओ ने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा व जांच योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने, एमएनडीवाई के तहत दवाओं की उपलब्धता एवं पर्चियों को ऑनलाइन सॉफ्टवेयर पर समय पर अपलोड करवाने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा तथा लाडो प्रोत्साहन योजना के लंबित भुगतानों का शत-प्रतिशत निस्तारण प्राथमिकता से करने को कहा। शक्ति दिवस तथा 9, 18 और 27 तारीख को आयोजित प्रधानमंत्री मातृत्व व सुरक्षित मातृत्व अभियानों के दौरान मां वाउचर योजना की जानकारी स्वयं सहायता समूहों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और आगामी बैठक तक सभी चिकित्सीय संस्थानों को प्रगति रिपोर्ट तैयार रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा, डॉ. शिवकुमार शर्मा, डॉ. गौरव मीणा, डीपीएम शशांक वशिष्ठ सहित बीसीएमओ, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, बीपीएम एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
30 नवम्बर, 2025

# प्रशासन रिकवर करे जनता से अवैध वूसले गए लाखों रूपये....

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय एन के लोहिया स्टेडियम में लगे ट्रेड फेयर में एंट्री टिकट के नाम पर 30 रू. प्रति व्यक्ति अवैध रूप से वसूलने बंद किए जा चुके हैं। इस बारे में भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने शिकायत की थी और उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने अवैध रूप से वसूली जा रही एंट्री टिकट को तुरंत प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए, जिस पर ये अवैध वसूली का खेल बंद हुआ। लेकिन अब भी हजारों लोगों के दिमाग में एक ही सवाल कौंध रहा है कि क्या लोगों से अवैध रूप से वसूले गए लाखों रूपए प्रशासन वापस रिकवर करवायेगा? इस बारे में लोगों की राय जानने का प्रयास किया गया, तो सभी लोगों का एक स्वर में कहना है कि यह राशि रिकवर होनी चाहिए। अगर फर्म राशि वापस जमा नहीं करवाती है, तो इसे




ब्लेकलिस्ट किए जाने की जरूरत है। मामले को गंभीरता से उठाकर एंट्री टिकट बंद करवाने में अपनी महती भूमिका निभाने वाले भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने कहा कि 22 नवम्बर को जब हम लोगों ने टिकट खरीद की थी, उस वक्त तक 28 हजार से ज्यादा टिकट बिक चुके थे। ऐसे में 26 तारीख की शाम को जब वसूली बंद करवाई गई, तब तक करीब 40 हजार टिकटों की बिक्री होने की संभावना बनती है। जिस पर कुल मिलाकर देखा जाए, तो करीब 12 लाख रूपए की धनराशि जनता से अवैध रूप से मेला संचालकों ने वसूल कर ली। मेरी प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द 12 लाख की राशि वापस वसूली जाकर जनहित के कार्य में लगाई जावे। राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक ने कहा कि अगर रिकवरी नहीं होगी, तो सुजानगढ़ की जनता को ये मेले वाले फर्म के लोग लावारिश समझ लेंगे। ऐसे में अवैध रूप से वसूले गए लाखों रूपयों की रिकवरी की जानी आवश्यक है, ताकि भविष्य में कोई व्यक्ति जनता के साथ इस प्रकार के अन्याय की हिमाकत नहीं कर पाए। वहीं भाजपा नेता व पार्षद पंकज घासोलिया ने कहा कि इस प्रकार से सरेआम जनता के साथ अवैध वसूली के रूप में लूट किए जाना और उस पर मेला संचालकों पर प्रशासन का डंडा नहीं चलना, अपने आप में कई गंभीर सवाल पैदा करता है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता है। दूसरी ओर पूर्व पार्षद राकेश प्रजापत ने कहा कि मैंने तो अवैध वसूली के खिलाफ पहले भी ज्ञापन दिया था और अब भी हमारी मांग है कि जनता से अवैध रूप से एंट्री टिकट के नाम पर वसूले गए लाखों रूपए फर्म से रिकवर किए जायें, ताकि शासन और प्रशासन के अधिकारियों की ईमानदारी का सबूत भी जनता को मिल सके। दूसरी ओर कांग्रेस नेता विद्याप्रकाश बागरेचा ने कहा कि अगर अधिकारियों और प्रशासन की इस भ्रष्टाचार में मिलीभगत नहीं है, तो जल्द से जल्द जनता की इस राशि को रिकवर किया जावे, ताकि जनता में काफी अच्छा संदेश जाए कि शासन प्रशासन आम लोगों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय सहन नहीं करता। बागरेचा ने कहा कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति से ही लाखों रूपयों की वापस रिकवरी जनहित में संभव हो पाएगी।

## सिविल कोर्ट ने दिया रास्ते से गेट हटाने का निर्णय

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर न्यायालय के सिविल न्यायाधीश ने भाड़ंग गांव के एक विवाद में वादी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए रास्ता खुलवाने का आदेश दिया है। वादी के अधिवक्ता एडवोकेट रविन्द्र सिंह मिठड़ी ने बताया की भाडंग गांव के वादी मघाराम ने अपने पडौसियान रामलाल वगैरह के खिलाफ 5 वर्ष पूर्व अपने पूर्वजों के समय का रास्ता पर गेट लगाकर बंद करने पर उस गेट को हटाने व रास्ता को चालू रखने के लिए एक वाद माननीय न्यायालय में दायर किया था जिसमें जवाब दावा व दस्तावेजी एवं मौखिक साक्ष्य का अवलोकन करने के पश्चात न्यायालय द्वारा उक्त रास्ता पर से गेट को हटाने का निर्णय पारीत किया है। वादी की तरफ से पैरवी एडवोकेट रविन्द्र सिंह मिठड़ी ने की।

### भिक्षावृति के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## खाटूश्याम जी में भिक्षावृति से चार नाबालिग बच्चे मुक्त करवाए गए


जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)** मानव तस्करी विरोधी इकाई और चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल अधिकारिता विभाग की संयुक्त टीम ने खाटूश्यामजी में भिक्षावृत्ति करवाए जा रहे चार नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर सुरक्षित किया। टीम द्वारा पकड़े गए इन बच्चों को बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारी लाल बालान के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां आवश्यक कार्रवाई पूरी की गई।जानकारी के अनुसार रेस्क्यू किए गए बच्चों में तीन बच्चियों को सखी वन-स्टॉप सेंटर में प्रवेश दिया गया है, जबकि एक बच्चे को कस्तूरबा सेवा संस्थान में अस्थायी रूप से रखा गया है। इनमें से दो बच्चे मध्य प्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं। बच्चों की उम्र लगभग 9 से 15 वर्ष के बीच है।भिक्षावृत्ति उन्मूलन के तहत की गई यह कार्रवाई जिले में बाल संरक्षण को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। अभियान में मानव तस्करी विरोधी यूनिट के मनोज, प्रेम प्रकाश, सुनीता तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की ओर से कृष्णकांत माथुर, सुनीता शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## डूंगरपुर सर्किट हाउस में बंद कमरे में वसुंधरा राजे की भाजपा नेताओं से मुलाकात, हुआ जोरदार स्वागत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शनिवार को डूंगरपुर सर्किट हाउस में बंद कमरे में स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं के साथ बातचीत की बातचीत की हालांकि बातचीत के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान वसुंधरा राजे ने कहा कि यह उनका कोई पॉलिटिकल दौरा नहीं है यह कहकर उन्होंने मीडिया के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया लेकिन डूंगरपुर सर्किट हाउस में



वसुंधरा राजे का स्थानीय भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया स्वागत करने वालों में पार्टी के पूर्व विधायक थे और पार्टी के संगठन से जुड़े नेता भी शामिल थे जानकारी के अनुसार बातचीत के दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने ब्यूरोक्रेसी की ओर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिलने की बात की । वसुंधरा राजे ने बातचीत की शुरुआत में ही भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से पूछ लिया की और क्या चल रहा है आजकल यह सुनकर वहां मौजूद भाजपा के नेताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों से सहयोग नहीं मिलने की शिकायत की बातचीत के दौरान डूंगरपुर नगर परिषद को पर्याप्त बजट और इनाम नहीं मिलने की बात भी वसुंधरा राजे से कही गई वसुंधरा राज्य से कहा गया कि डूंगरपुर नगर परिषद हर साल सफाई में अव्वल आता है लेकिन उसे ना तो इनाम दिया जाता है और ना ही पर्याप्त बजट मिल पा रहा है अगर डूंगरपुर नगर परिषद को पर्याप्त बजट मिले तो सफाई व्यवस्था को और भी मजबूत किया जा सकता है इस तरह की कई शिकायतें भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने वसुंधरा राजे से की जानकारी के अनुसार भाजपा विधायक कैलाश मीणा के पुत्र के बेटे के निधन पर अपनी संवेदना प्रकट करने के लिए वसुंधरा राजे बांसवाड़ा के गड़ी जा रही थी इस दौरान रास्ते में डूंगरपुर सर्किट हाउस पर मौजूद भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और फिर सर्किट हाउस के बंद कमरे में ही वसुंधरा राजे ने भाजपा नेताओं से मुलाकातकी । राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि मेवाड़ अंचल से वसुंधरा राजे का बहुत पुराना गहरा रिश्ता है वसुंधरा राजे यहां नियमित रूप से आती रहती हैं चाहे माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर में पूजा अर्चना करने की बात हो या फिर मेवाड़ अंचल के भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेताओं से उनके बहुत ही व्यक्तिगत और राजनीतिक संबंध अच्छे हैं इसलिए मेवाड़ अंचल में वसुंधरा राजे का आना-जाना लगा रहता है वसुंधरा राजे ने 2003 में मेवाड़ से ही अपनी यात्रा का आगाज किया था जिसमें 2003 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को राजस्थान के इतिहास में पहली बार पूरा बहुमत मिला था ।

# देश के हालात बहुत खराब, ऐसा ही रहा तो देश में आगे चुनाव भी नहीं होंगे: अशोक गहलोत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि देश के हालात बहुत खराब हो गए हैं क्योंकि चुनाव आयोग की निष्पक्षता और ईमानदारी पर जो सवाल खड़े हो रहे हैं उसे देखते हुए ऐसा लगता है कि अगर इसी तरह से चुनाव आयोग अपनी कार्रवाई को अंजाम देता रहा तो निश्चित रूप से आने वाले समय में शायद देश में चुनाव भी नहीं होंगे जैसे दुनिया के कुछ मुल्क में सिर्फ एक ही पार्टी को लोग वोट करते हैं ठीक वैसा ही यहां भी होने लग जाएगा जो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक तरह से बदनुमा दाग होगा उन्होंने कहा कि बिहार के चुनाव परिणाम के बाद अब यह साफ हो गया है कि चुनाव आयोग की नीति और नियत दोनों भाजपा से मेल खा रही है यही वजह रही कि बिहार में चुनाव से पहले लाखों लोगों के



नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए राहुल गांधी ने इससे पहले महाराष्ट्र और हरियाणा में मतदाता सूची से नाम हटाने का खुलासा किया इस तरह के जो हालात चुनाव आयोग ने पैदा किए हैं उनसे अपने आप ही डाउट होता है कि भारत में अब सिर्फ एक ही पार्टी को वोट डालने के दिशा में चुनाव आयोग कार्य कर रहा है जो स्वीकार योग्य नहीं है उन्होंने कहा कि आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय व्यापी रैली का आयोजन किया जा रहा है रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली इस रैली में चुनाव आयोग के कार्य शैली को लेकर भी विस्तार से बातचीत की जाएगी और आगे की रणनीति भी तैयार की जाएगी इसके अलावा राजस्थान में भी मतदाता सूची के शुद्धिकरण का जो कार्य जारी है इस कार्य पर निगरानी रखने के लिए राजस्थान कांग्रेस की ओर से पहले ही बूथ लेवल पदाधिकारी की नियुक्ति कर दी गई थी अभी जो मतदाता सूची तैयार करने का जो कार्य चल रहा है इसमें कांग्रेस पार्टी की ओर से नियुक्त किए गए छोटे-बड़े सभी नेता अपना पूरा फोकस बनाई हुई है जिन नेताओं को मतदाता सूची के कार्य पर निगरानी रखने को कहा था उन नेताओं के फीड बैक के आधार पर ऐसा लगता है कि राजस्थान में भी रणनीति के तहत बड़ी संख्या में लोगों के वोट काटने की तैयारी चल रही है जो ठीक नहीं उन्होंने कहा कि राजस्थान कांग्रेस में जो नए जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं उन्हें मजबूत किया जाएगा ताकि फील्ड में वे दमदार तरीके से उपस्थित दिखाकर कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत कर सके पत्रकारों से बातचीत करते हुए गहलोत ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के 2 साल पूरे होने को हैं लेकिन 2 साल में यहां ऐसा नजर ही नहीं आ रहा कि यहां कोई सरकार काम कर रही है उन्होंने कहा कि उनके शासनकाल के कई जन कल्याणकारी कार्यक्रमों और योजनाओं को या तो कमजोर कर दिया गया है या फिर उन्हें बंद कर दिया गया है इसलिए लोग अब उनकी सरकार के कामों को याद कर रहे हैं उन्होंने कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को जो जीत मिली है यह जीत जनता विधानसभा क्षेत्र के लोगों की ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लोगों की मनोदशा को व्यक्त कर रही है राजस्थान में भाजपा की सरकार ने प्रदेश के लोगों के साथ सिर्फ छलावा और धोखा किया है उन्होंने कहा कि चाहे उनके शासनकाल की योजनाओं के नाम बदल देते लेकिन उन्हें बंद नहीं करते तो कम से कम प्रदेश के लोगों को फायदा तो मिलता लेकिन राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की वजह से उनके शासनकाल की उन योजनाओं को भी बंद कर दिया गया जिनकी पूरे देश में चर्चा हुई थी गहलोत ने कहा कि जो भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने शुरू में खुद आगे बढ़कर कहा था कि नए व्यक्ति हैं अभी इन्हें काम करने का समय दिया जाना चाहिए लेकिन 2 साल भी जाने के बाद भी अगर सरकार का कोई काम जमीन पर नहीं दिख रहा तो फिर निश्चित रूप से मुख्यमंत्री के रूप में भजनलाल शर्मा पूरी तरह से फैलियर साबित हुए हैं ।

## गौ सेवा हेतु दानवीरों ने किया दान गौ सेवा समिति सदस्यों ने जताया आभार

### श्री राम गौशाला को भामाशाह परिवार ने गौ शाला के लिए 1,2 लाख किया भेट

### नारायणी महिला मंडल ने गौ माता का पूजन कर परिक्रमा लगाई आमजन को गौ सेवा की दी सीख

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** गौ माता की सेवा के लिए दिन बे दिन गौ भक्त एवं भामाशाह आगे आकर बेजुबानों की सेवा कर रहे हैं,और स्वयं के साथ अन्य गो भक्तों को गौ माता की सेवा के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। गौशाला सेवा समिति के सदस्य ही नहीं, बल्कि गौ भक्त बनकर आमजन को प्रेरणा देते हुए गौ माता की सेवा का आव्हान किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को श्री राम गौशाला कोलीवाडा में एक भामाशाह परिवार ने गायों की देखभाल एवं व्यवस्था हेतु नकद राशि भेंट की। सेवा समिति अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि ' गायों की पालनहार योजना में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार व उनके सुपुत्र मूलचंद की प्रेरणा से दो गौ माता की सेवा स्वरूप 1,2 लाख रुपए भेट किया। उन्होंने बताया कि इस नेक एवं प्रेरणा स्वरूप कार्य के लिए दिनेश कुमार माली सुमेरपुर हाल मुंबई का पूरी कमेटी की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष सांखला ने बताया कि श्री राम गौशाला में गौ भामाशाह बढ़ चढ़कर दान कर रहे हैं। अब तक कई भामाशाह गौ माता के लिए दान पुण्य हेतु समर्पित है, और दान पुण्य का लाभ प्राप्त किया है। व्यवस्थापक पुखराज कुमावत ने बताया कि गौ माता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इसी श्रृंखला में श्री नारायणी महिला मंडल सुमेरपुर द्वारा एक ट्रॉली हरा चारा शनिवार को गौ शाला में वितरित



किया। इस पावन अवसर पर महिला मंडल के सदस्य एवं सेवा समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे और गायों को हरा चारा खिलाया। इस मौके पर समिति के सभी सदस्यों ने दानदाताओं का स्वागत कर आभार जताया व गायों की पूजा अर्चना की।

### नारायणी महिला मंडल ने दिया संदेश

सुमेरपुर नारायणी महिला मंडल ने शनिवार को श्री राम गौशाला पहुंचकर गायो को हरा चारा खिलाया। सर्वप्रथम महिला मंडल ने गाय पूजन किया उसके बाद मंगल गीत के साथ गौ माता की परिक्रमा की। बाद में गायों को गुड एवं हरा चारा खिलाकर आमजन को गायों की सेवा प्रति संदेश दिया। उन्होंने मंडल की ओर से 51 सौ रुपए दान स्वरूप भेट किया। इस मौके पर दमयंती अग्रवाल,इंदिरा अग्रवाल,विनीता अग्रवाल,कांता अग्रवाल,हेमा अग्रवाल, आशा अग्रवाल,पुष्पा जोशी,सीता नागर आदि महिलाएं उपस्थित रही।

## भजनलाल सरकार में सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था, बेहतर हुआ इन्फ्रास्ट्रेक्चर: श्रवण सिंह बगडी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने अशोक गहलोत के बयान को वास्तविकताओं से परे राजनीतिक बयानबाज़ी बताया। बगडी ने कहा कि राजस्थान की जनता जानती है कि 2018-23 की कांग्रेस सरकार ने प्रशासन, कानून-व्यवस्था और विकास तीनों ही मोर्चों पर प्रदेश को गंभीर स्थिति में पहुंचा दिया था। पिछली कांग्रेस सरकार में प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति देखें तो महिलाओं के खिलाफ अपराधों में तेज़ वृद्धि दर्ज, जिलों में गैंगवार हत्या और संगठित अपराध की घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा था जबकि वर्तमान की भजनलाल सरकार में अधिकारियों को राजनीतिक दबाव से मुक्ति के लिए स्पष्ट गाइडलाइन लागू की गई है। अपराधियों पर सख्त कार्रवाई शुरू हुई और प्रदेश के कई बड़े अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा चुकी है। बगडी ने बताया कि गहलोत सरकार के समय जिलों की स्थिति तो दूर राजधानी की सड़कों के हाल बेहाल थे कई जिलों में सड़कों की मरम्मत का बजट तक उपयोग नहीं किया गया जबकि भजनलाल सरकार में सड़क मरम्मत और ग्रामीण संपर्क मार्गों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिया, सड़क चौड़ीकरण और ग्राम सड़क योजना में कार्य तेजी पर है। गहलोत सरकार के दौरान राजस्थान सड़क हादसों में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल हो गया था। वास्तविकता यह है कि 5 वर्षों तक सत्ता में रहते हुए गहलोत सरकार ने राजस्थान को प्रशासनिक अव्यवस्था भ्रष्टाचार के आरोपों और ढीली कानून-व्यवस्था की



स्थिति में छोड़ा था। आज जब नई सरकार सुधार के कदम उठा रही है तब बिना तथ्यों के ऐसे बयान सिर्फ राजनीतिक निराशा का परिणाम हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण विषय को गहलोत राजनीतिक रंग दे रहे है, एसआईआर बाहरी मतदाता मृत व्यक्तियों के नाम हटाने की प्रक्रिया है। एसआईआर में गहलोत और कांग्रेसी नेताओं को अपना वोट बैंक समाप्त होने की चिंता सता रही है। जब राजनीतिक जमीन खिसकने लगती है, तब ऐसे बयान कांग्रेस के नेताओं की आदत बन जाते हैं। एसआईआर तो वोटर लिस्ट को अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया है। पहले भी एसआईआर होता रहा है। कांग्रेस जानबूझकर भ्रम फैला कर चुनावी व्यवस्था पर संदेह पैदा करना चाहती है ताकि आने वाले चुनावों में अपनी संभावित हार का बहाना पहले से तैयार कर सके।

## गैंगस्टरो को फॉलो करने वालों के खिलाफ पुलिस का धरपकड़ अभियान, गैंगस्टरों को फॉलो करने वाले 12 गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर की पुलिस ने अलग-अलग टीमें बनाकर गैंगस्टरो को फॉलो करने वालों के खिलाफ धरपकड़ विशेष अभियान चलाकर सवाई छोटी निवासी सहित कुल 12 जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर गैंगस्टरों को फॉलो करने वाले 12 जनों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियासर जाटान निवासी महेंद्र सारण, सवाई छोटी निवासी जेठाराम मेघवाल, विक्रमसिंह राजपुरोहित, संदीप ब्राह्मण, बंटी शर्मा, सुनील शर्मा, मीतासर निवासी लालचंद स्वामी, रामनगर बास निवासी कन्हैयालाल माली, वार्ड 22 निवासी बाबूलाल सेवदा, सवाई बड़ी निवासी भवानी शंकर जांगिड़, गोमटिया निवासी विक्रमसिंह राजपूत, आसलसर निवासी धीरज पारीक को गिरफ्तार किया गया है। थाना अधिकारी ने बताया



कि गैंगस्टरो को फॉलो करने वालों के खिलाफ धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अपराधियों, विभिन्न गैंग्स और गैंगस्टरों को फॉलो करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी सोशल मीडिया संचालकों को सूचित किया जाता है कि किसी भी अपराधियों, विभिन्न गैंग्स व गैंगस्टरों को फॉलो, लाइक, कमेंट, पोस्ट शेयर करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## दूदू के मोकमपुरा में प्रेमी युगल को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के दूदू के मोकमपुरा थाना इलाके में बडोलाव गांव में शुक्रवार की रात प्रेमी युगल पर पेट्रोल डालकर उन्हें जिंदा जलने का प्रयास किया गया रोंगटे खड़े कर देने वाले इस मामले में प्रेमी का शेयर करीब 60 प्रतिशत जल गया है और प्रेमिका का शेयर करीब प्रतिशत जल गया है जिन्हें उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया है पुलिस ने इस प्रकरण में कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में अवैध प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है जानकारी के अनुसार मोकमपुरा थाना इलाके में शुक्रवार की रात एक पुरुष और महिला को जलाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर मौका मुआयना किया है और घटना स्थल से सबूत भी जुटे हैं पुलिस की जांच पड़ताल में सामने आया है कि अवैध प्रेम प्रसंग की वजह से पुरुष और महिला पर पेट्रोल डालकर आग लगाई गई जिसमें गांव के ही कुछ लोगों के शामिल होने की बात सामने आई है जिसके बाद पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है इसके अलावा पुलिस का कहना है कि अभी पुरुष और महिला का उपचार जारी है पुरुष और महिला के बयान के बाद पुलिस की जांच और तेजी से आगे बढ़ेगी फिलहाल पुलिस दोनों के ठीक होने का इंतजार भी कर रही है क्योंकि इस मामले में पुरुष का शरीर करीब 60 प्रतिशत जल गया है इसलिए उसकी हालत थोड़ी गंभीर है हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि पुरुष की हालत में भी सुधार आएगा लेकिन समय लगेगा ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।